50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 8.2 °c | अधिकतम 19.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:11, सूर्यास्त : 5:26 | वर्ष : 50/ अंक : 354 | रविवार, 25 दिसम्बर 2022 | पौष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, | सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. 

**आज की अमृतवाणी**

घटिया लोगों की सबसे बड़ी पहचान यह है कि उन्हें आप जितनी ज्यादा इज्जत दोगे वे आपको उतनी ही ज्यादा तकलीफ देंगें।

भारत जोड़ो यात्रा ने केन्द्र सरकार को हिला कर रख दिया है : आभा सिंह : कांग्रेस प्रवक्ता

BHARAT JODO YATRA

तो इतना हिलने पर कब तक गिरने के आसार हैं ?....

# जिला बार में अनिल जिंदल व जितेंद्र गुट की धमाकेदार जीत

## ▸▸ दूसरे प्रत्याशियों को कुल मिलाकर भी कम वोट मिले ▸▸ नतीजों के बाद विजयी प्रत्याशियों को मालाओं से लादा

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में इस बार दिग्गजों के एक मंच पर आने और जातीय संतुलन बनाने का असर यह हुआ कि अध्यक्ष पद पर अनिल जिंदल तथा महासचिव पद पर जितेंद्र कुमार ने धमाकेदार जीत दर्ज की। उनके पेनल के तमाम प्रत्याशी विजयी रहे। वोटों की गिनती में आधे में रब और आधे में सबकी स्थिति रही। अध्यक्ष पद पर अनिल जिंदल को 952 वोट मिले, वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी दोनों उम्मीदवारों को मिलाकर भी 907 वोट ही प्राप्त हो सके। ऐसे में अनिल जिंदल 477 वोटों के बड़े अंतर से विजयी रहे।

जिला बार ऐसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए मतदान की गहमागहमी के बाद आज सुबह से वोटों की गिनती के चलते खासी चहल पहल रही। जैसा की बुलेटिन ने मतदान के बाद मिले रुझानों को लेकर अनुमान लगाया था, नतीजे भी वैसे ही रहे। अनिल जिंदल और उनके गुट के तमाम उम्मीदवारों ने चुनावों में दमदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। वोटों की गिनती में पहले राउंड से ही अनिल जिंदल अध्यक्ष और जितेंद्र कुमार महासचिव पद पर बढ़त बनाए रहे। हर चक्र के बाद इसका अंतर बढ़ता चला गया। देर शाम मतगणना पूरी होने पर जब नतीजों का ऐलान किया गया तो समर्थकों ने अनिल जिंदल व विजयी उम्मीदवारों को मालाओं से लाद दिया और हाथों पर उठाकर अपनी खुशी का इजहार किया। मतगणना में फाईनल राउंड के बाद अध्यक्ष पद पर अनिल जिन्दल 952 वोट पाकर विजयी रहे। मुनेश चन्द त्यागी को 475 और योगेंद्र कुमार शर्मा को 432 वोट मिले। महासचिव पद पर जितेंद्र कुमार 805 वोट पाकर विजयी रहे। ओकांर सिंह तोमर को 542 और संजीव कुमार (प्रधान)-497 मत पा सके। वरिष्ठतम उपाध्यक्ष पद पर विवेक त्यागी 909 वोट पाकर विजयी हुए। उनके मुकाबले अर्जुन सिंह को 402 और मानवेन्द्र जैन को 425 वोट मिले। कोषाध्यक्ष



पद पर सीधे मुकाबले में ठा. संदीप पुण्डीर-1036 वोटों के साथ विजयी हुए। हाकिम अली को 722 वोट ही मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंद्रह वर्ष पर देवेंद्र कुमार कैल और यशपाल सिंह बालियान, उपाध्यक्ष दस वर्ष पर निशुकांत शर्मा और मनोज कुमार त्यागी विजयी रही। सह सचिव पद पर ठाकुर कुलदीप कुमार, चौधरी तौशीन अहमद व शिख कौशिक विजयी रहे। वरिष्ठ सदस्य पद पर अभिषेक अग्रवाल, मनोज कुमार शर्मा, सुरेंद्र सिंह, कमल कृष्ण गुप्ता, कुलदीप सिंह एव नेपाल सिंह तथा कनिष्ठ सदस्य पद पर अब्दुल माजिद त्यागी, निशा रानी, अमित कुमार, योगिता वर्मा, शांतनु पुंडीर और मौ सादिक बेग विजयी रहे। इस चुनाव में कुल 58 उम्मीदवारों ने भाग्य आजमाया। इसके अलावा कार्यकारिणी के छह छह सदस्यों पर भी जोरदार मुकाबला रहा। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार शर्मा व चुनाव अधिकारी रियाज हसन राठी, आमोद कुमार त्यागी, रमेश चन्द गोयल, उमेश कुमार शर्मा, ठा. नीरज कुमार, मनोज सौदाई, सुदेश कुमार, सत्येश्वर सिंह ने सभी का आभार जताया।

# निकाय चुनाव पर अब 27 को फैसला

## ▸▸ सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने आदेश रखा सुरक्षित

**लखनऊ, 24 दिसंबर (वार्ता)।** निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में शनिवार को भी सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। निर्णय 27 दिसंबर को सुनाया जाएगा। इस दौरान याची पक्ष व सरकारी पक्ष के वकील ने दलीलें दी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों का सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। शुक्रवार को समय की कमी के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी थी। इसके चलते आज सुबह मामले की सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ में बीते बुधवार को सुनवाई के दौरान याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है। ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है। वहीं, राज्य सरकार ने




हलफनामे में कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए ओबीसी के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए। मामले में याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार को इस राज्य में ओबीसी के राजनीतिक पिछड़ेपन का अध्ययन करने के लिए एक समर्पित आयोग का गठन करने संबंधी ट्रिपल टेस्ट फॉमूर्ला अपनाना चाहिए और इसके बाद ही आरक्षण तय करना चाहिए।

# यूपी के शहीद जवानों के परिजनों को 50 लाख व एक सदस्य को नौकरी का एलान

**लखनऊ, 24 दिसंबर (वार्ता)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिक्किम में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए सेना के जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने जनपद मुजफ्फरनगर निवासी सेना के जवान लोकेश कुमार, जनपद उन्नाव निवासी सेना के जवान श्याम सिंह यादव, जनपद एटा निवासी सेना के जवान भूपेन्द्र सिंह तथा जनपद ललितपुर निवासी सेना के जवान चरन सिंह के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के शहीद सैनिकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने इन शहीदों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा शहीद लोकेश कुमार, श्याम सिंह यादव, भूपेन्द्र सिंह तथा चरन सिंह के नाम पर उनके जनपद की एक सड़क का नामकरण



करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शहीद सैनिकों का अन्तिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। शहीद सैनिकों के अन्तिम संस्कार में राज्य सरकार के मंत्रीगण सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि देंगे।

**शोक सभा**



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय **श्री जिनेन्द्र कुमार जैन** (अमीर नगर वाले) का **आकस्मिक निधन दिनांक 21 दिसम्बर 2022, दिन बुधवार** को हो गया था। पार्श्व प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। **रस्म पगड़ी (तेरहवीं) आज दिनांक 25 दिसम्बर 2022, दिन रविवार को दोपहर 2 बजे, स्थान : जैन औषधालय,** प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

मधु जैन (पत्नी)

प्रवीण जैन–रेखा जैन (भाई–भाभी)
राष्ट्रीय संगठन मंत्री (राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन)
जिला महासचिव – (उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन)
पंकज जैन–नीतू जैन (पुत्र–पुत्रवधु)
पुनीत जैन–शैफाली जैन (पुत्र–पुत्रवधु)
प्रतीक जैन (भतीजा)
वंदना–संजीव जैन (पुत्री–दामाद)
नीलम–संदीप जैन (पुत्री–दामाद)
रूचि–श्रेयांस जैन (पुत्री–दामाद)
छाया–आकाश जैन (पुत्री–दामाद)
पलक–मोहित जैन (भतीजी–दामाद)
पियूष, अपूर्व (पौत्र) अदिति, स्पर्शी, पार्श्वी (पौत्री)
रितिक, अनिकेत, लवण, स्वरित (धेवते), मेघा, कनक, मुस्कान, अनन्या, रेहा (धेवती)

**प्रतिष्ठान**

● जिनेन्द्र एजेन्सीज, 6–प्रेमपुरी, ● जैन पुस्तक सदन, 28–कुन्दपुरा

निवास : 6, प्रेमपुरी, निकट जैन कन्या इण्टर कॉलेज, मुजफ्फरनगर

मोबाइल : 9897678317, 9634508877, 9319480164

**रस्म तेरहवीं**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी **श्रीमती शशीबाला गर्ग** (धर्मपत्नी स्व. श्री प्रबोध अग्रवाल) का **स्वर्गवास दिनांक 14 दिसम्बर 2022, दिन बुधवार** को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी **रस्म तेरहवीं** निम्न कार्यक्रमानुसार होनी निश्चित हुई है।

**दिनांक 26 दिसम्बर, 2022, दिन सोमवार**
हवन ... प्रातः 10 बजे ब्रह्मभोज ... दोपहर 12 बजे रस्म तेरहवीं ... दोपहर 2 बजे
**स्थान : अग्रसेन भवन,** निकट एटूजेड कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

**शोकाकुल परिवार**

अनिल कुमार गर्ग–ऋतु गर्ग, सीए अजय अग्रवाल–रीना अग्रवाल (पुत्र–पुत्रवधु)
अन्जू–प्रवीण कुच्छल, स्मिता–मनोज अग्रवाल (पुत्री–दामाद)
अंकुर गर्ग–प्रियंका गर्ग (पौत्र–पौत्रवधु), आकृति बंसल–दर्पण बंसल (पौत्री–दामाद)
अविरल, अपूर्वा (पौत्र, पौत्री), विराज, अव्यम (प्रपौत्र)
अनिका–रचित गोयल, तनवी–अनुभव बंसल, विधि–अभिषेक गर्ग (धेवती–दामाद)
अनित्य कुच्छल–आंचल (धेवता–बहु), अनुभव अग्रवाल (धेवता)
अधिराज, विवान, अवयान, दीवित (प्रधेवते), रिधा, अन्तालिया (प्रधेवती)

**प्रतिष्ठान**

● अग्रवाल अजय एण्ड एसो. (चार्टेड एकाउटेंट), मुजफ्फरनगर
● सिप अबेकस, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

मोबाइल : 7309263204, 9837034955, 9897584955

नोट : कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें।






# एसडी पब्लिक स्कूल में मना गणित दिवस व ईसा मसीह बर्थ-डे

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** पटेल नगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ रामानुजन का जन्म दिवस तथा क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया, विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बाँध दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदी प्रार्थना तथा क्रिसमस पर सुविचार प्रस्तुत कर किया गया। सर्वप्रथम आठवीं बी के छात्र अनंत जैन ने रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। कक्षा छठी-आई के छात्र आशुतोष गर्ग ने उनके जीवन पर आधारित एक सुंदर कविता प्रस्तुत की। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने रामानुजन के जीवन व ज्ञान पर आधारित एक लघु नाटिका की प्रस्तुति दी, जिसमें शून्य की महत्ता, गणितीय विश्लेषण, संख्या सिद्धांत, अनंत श्रृंखला और निरंतर भिन्न अंशों में उनके असाधारण योगदान को दशार्या गया। विद्यार्थियों ने नृत्य के माध्यम से गणित की विभिन्न विधाओं जैसे प्लस, माइनस, मल्टीप्लिकेशन, डिविजन तथा विभिन्न एंगल्स आदि को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया, जो कि विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा।

गणित विषय से संबंधित कई प्रकार की प्रभावशाली गतिविधियाँ गणित के सभी अध्यापकगणों एवं विद्यार्थियों द्वारा आयोजित व प्रस्तुत कीं गईं जो देखते ही बनती थीं। इसी क्रम में कक्षा 9वीं में विभिन्न प्रकार की गणित विषय की गतिविधियों का आयोजन गणित अध्यापकों द्वारा किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। गणित पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को नौ टीमों में बाँटा गया। टीमों का नाम प्रसिद्ध गणितज्ञों के नाम पर रखा गया। इस प्रतियोगिता में 'ब्रह्म गुप्ता' टीम प्रथम रही। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों ने प्रभु यीशु मसीह के जन्म से संबंधित मनमोहक नृत्य नाटिका व मधुर गीत प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने मिलकर क्रिसमस कैरल्स गाए, जिन्हें सुनकर विद्यालय प्रांगण खुशी से झूम उठा। विद्यालय प्रांगण में विशाल क्रिसमस ट्री सजाया गया। माला, झालर, रिबन, गुब्बारे व रंग-बिरंगे फूलों से सजा प्रांगण बहुत ही मनमोहक लग रहा था। सेंटा क्लोज बने एक अध्यापक ने सभी को टॉफियाँ बाँटी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि अशोक सिंघल, डायरेक्टर ऑफ पी आर पब्लिक स्कूल तथा एसडी पब्लिक स्कूल के भूतपूर्व गणित विभागाध्यक्ष ने सभी को साधुवाद देते हुए बताया कि गणित दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दैनिक जीवन में गणित के महत्व को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने प्रभु यीशु मसीह के बारे में बताते हुए कहा कि यीशु मसीह ने पूरी दुनिया को एकता व भाईचारे की सीख दी।




विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती चंचल सक्सेना तथा प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता दत्ता ने कहा कि गणित हमारे जीवन में सर्वत्र है। गणित छात्रों का मानसिक विकास करता है तथा उनकी बुद्धि को प्रखर बनाने के साथ-साथ स्पष्टता, शुद्धता व एकाग्रता इत्यादि गुणों को विकसित करता है। उन्होंने मुख्य अतिथि को विद्यार्थियों द्वारा बनाई एक पेंटिंग देकर उनको सम्मानित किया। विद्यालय के सोशल क्लब की तरफ से रिक्शा वालों को गर्म कपड़े वितरित किए गए। मिडिल विंग इंचार्ज गीता मित्तल, गणित विभागाध्यक्ष अरविंद गुप्ता व सभी गणित अध्यापकों का विशेष योगदान रहा।

## चेकिंग के दौरान काटे 152 वाहनों के चालान

**शामली, 24 दिसम्बर (बु.)।** यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान शनिवार को यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों चालकों पर कार्रवाई करते हुए 152 चालान काटे। एसएसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है। इसी अभियान के दौरान शनिवार को यातायात प्रभारी संजय राणा के नेतृत्व में पुलिस ने कई स्थानों पर अभियान चलाकर यातायात नियमों का पालन न करने वाले 152 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। इस दौरान बिना हेलमेट के 99, बिना सीट बैल्ट के 28, तीन सवारी के 5, नो पार्किंग के 4, बिना डीएल के 11, ओवर हाइट के 1, यातायात नियमों के उल्लंघन के 1, डग्गामार वाहन के 1 वाहनों सहित कुल 152 वाहनों पर कार्रवाई की गयी। इस दौरान यातायात प्रभारी संजय राणा ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा, यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई होगी।

## पशुचरान की भूमि से अवैध कब्जा हटाया

**जलालाबाद, 24 दिसम्बर (बु.)।** क्षेत्र के ग्राम दभेड़ी मे राजस्व विभाग शामली द्वारा पशुचरान की लगभग साढ़े तीन बीघा जमीन खसरा न0 105 को अवैध कब्जाधारियों से खाली कराया गया है । पशुचरान की उक्त भूमि दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर मौजूद थी जिस पर दभेड़ी निवासी धर्मपाल व शिवकुमार द्वारा कब्जा कर अपनी जमीन मे मिलाया गया था जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान आसिफ राव द्वारा की गई थी, जिस पर राजस्व लेखपाल भूपेन्द्र, रविन्द्र व देशवाल औकार आदि द्वारा पुलिस बल को साथ लेकर पैमाइश कर उक्त भूमि मे गेंदा व गेहू की फसल मे ट्रैक्टर चलाकर खाली करा दिया गया, वही कब्जाधारी धर्मपाल व शिवकुमार का कहना है कि उनकी 7 बीघा पुस्तैनी जमीन है जो मौके पर कम है जिसे गलत तरीके से ग्राम प्रधान द्वारा पशुचरान बताकर खाली कराया गया है पशुचरान खसरा न0 105 मे बताया गया है जबकि उनकी जमीन खसरा न0 103 है उसी पर हम लोग काबिज है।

# "संस्कृति के रंग, दून वैली के संग"

## ▸▸ तुलसी पूजन को किया प्रेरित, अटल का जीवन दर्शन बताया

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** नई मंडी स्थित द दून वैली पब्लिक स्कूल में पूरे सप्ताह बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें तुलसी पूजन, अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मोत्सव, वीर बाल दिवस और क्रिसमस प्रोग्राम सम्मिलित रहे। बच्चों को तुलसी पूजन के महत्व, अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मोत्सव एवं वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में फि ल्म दिखाई गई, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति तथा इतिहास से अवगत कराना था। बच्चे 'भारत रत्न' सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की वेशभूषा पहन कर आए एवं उन्होंने अटल के जीवन पर प्रकाश डाला।




बच्चों ने जाना कि अटल बिहारी उत्कृष्ट राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ एक कुशल वक्ता, कवि, लेखक, देश प्रेमी और अनेकों प्रतिभाओं के धनी थे। बच्चों ने उनकी कविताओं का वाचन किया। इसके अलावा तुलसी पूजन एवं आरती भी की। बच्चों ने जाना कि तुलसी की पूजा कर के भक्त भगवान विष्णु को भी प्रसन्न कर सकते हैं। तुलसी पूजा से न केवल घर के रोग, दु:ख दूर होते हैं, बल्कि मोक्ष की भी प्राप्ति होती है। इसी के साथ ही कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सिख और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए कुर्बानी देने वाले सिखों के दसवें गुरू 'श्री गुरू गोविंद सिंह' के छोटे पुत्रों 'बाबा जोरावर सिंह', 'बाबा फतेह सिंह की मानवता की रक्षा के लिए दी गई कुर्बानी को नमन करते हुए वीर बाल दिवस भी मनाया गया। स्कूल प्रांगण में 'क्रिसमस भी मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चे सैंटा क्लॉस की वेशभूषा में भी आए। विद्यालय प्रबन्धक अनुराग सिंघल, प्रधानाचार्या सीमा शर्मा, ब्रांच हैड ईवा गुप्ता उपस्थित रहे। अनुराग सिंघल ने अटल की कविता के माध्यम से बच्चों को उनकी उपलब्धियों और वीर बाल साहिबजादों की शहादत के बारे में भी बताया।

## मोबाइल लूट का आरोपी धरा, पुलिस ने नकद रकम की बरामद

**शामली, 24 दिसम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी के मोबाइल को बेचने के एक आरोपित को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 2200 रुपये की नकदी बरामद की है। जानकारी के अनुसार कैराना के गांव तितरवाड़ा निवासी मीनू वर्मा पुत्री शिवचरण ने शहर कोतवाली पर अमित वर्मा पर उसका मोबाइल लूटने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी थी। शनिवार को पुलिस ने मामले के आरोपित अमित वर्मा पुत्र राकेश वर्मा निवासी गली नंबर 8, मौहल्ला दयानंदनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपित के कब्जे से मोबाइल बेचने के बाद मिले 2200 रुपये की नकदी भी बरामद की है।

# पी.आर. पब्लिक स्कूल में हुआ "राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य अभियान" जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** पचेंडा रोड स्थित पी. आर. पब्लिक स्कूल में "राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी फौजदार सिंह द्वारा संचालित मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन जनपद के सभी विद्यालयों में किया जा रहा है, जिसके तहत आज 24 दिसंबर 2022 दिन शनिवार को पी.आर. पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में "राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम" का आयोजन जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा किया गया।




फोटो बुलेटिन: पीआर पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण।

जिला चिकित्सालय की टीम में उपस्थित अतिथि अंशिका मलिक, (क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट) एवं कपिल आत्रेय ने बताया कि मानसिक तनाव मनुष्य को किस हद तक उदास कर सकता है व उनको आत्महत्या करने के लिए विवश कर सकता है, वहां पर उपस्थित स्कूल के कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और उन्होंने अतिथियों द्वारा बताए गये "राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम" को बड़े ही ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों से कुछ प्रश्नों के माध्यम से मानसिक तनाव के बारे में उनके विचार सुने और उनका समाधान कैसे किया जाए साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि कि यह तनाव कैसे होता है। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति को नींद ना आना, मन उदास रहना, मन में आत्महत्या के विचार आना, ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होना, बहुत ज्यादा बोलना, सारी गतिविधियों का अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाना, चिड़चिड़ापन तथा अत्यधिक क्रोध आना, छात्रों में परीक्षा के समय होने वाले तनाव इत्यादि के बारे में बताते हुए कहा कि अन्य बीमारियों की तरह ही इसका उपचार संभव है। कुछ व्यक्ति झाड़-फूंक तथा भूत प्रेत के चक्कर में पड़कर रोगी की हालत ओर भी बिगाड़ देते हैं, जिससे कि उसका मानसिक संतुलन और खराब हो जाता है। प्रधानाचार्या मानसी सिंघल ने भी बच्चों को मानसिक तनाव से दूर रहने की बात कही। अध्यापक भानु गुप्ता, प्रवीण जैसवाल, लव कुमार तथा दिव्या शर्मा, बीना वत्स, शिखा आदि अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव ये रहेः- ढैया-1251, रसकट ढैया-950-965, चाकू 1100-1268, लड्डू 1100-1240, खुरपापाड़ 1100-1128, शक्कर मसाला 1275-1285। आमद-9,000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

| | |
|---|---|
| सोना- 53,000 | चांदी-65,000 |
| सिक्का- 750 | गिन्नी- 41,000 |

## द एसडी पब्लिक स्कूल में 'क्रिसमस-डे' एवं 'वार्षिक क्रीड़ा समारोह आयोजित



**मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)।** आज द एसडी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 'जूनियर विंग' के नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा 'क्रिसमस-डे' के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस श्रृंखला का प्रथम आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत विशेष प्रार्थना सभा थी, जिसके अंतर्गत नृत्य, कविता पाठ, जिंगल कैरल्स आदि का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके पश्चात वार्षिक क्रीड़ा-समारोह का आयोजन हुआ। जूनियर विंग के बच्चों द्वारा क्रीड़ा कौशल का प्रदर्शन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में आयोजित रिले रेस, ड्रिल, जेलीफिश, हूप रेस, कैटरपिलर रेस एवं पैक योर बैग आदि में बच्चों की प्रतिभागिता उत्साहवर्धक एवं सराहनीय रही। आज ही के दिन विद्यालय के सोशल क्लब के द्वारा गरीब बच्चों को गर्म टोपियां भी वितरित की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम माहना ने बच्चों के उत्साह व जोश की प्रशंसा की एवं विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। प्रधानाचार्या ने समस्त विद्यालय परिवार को 'क्रिसमस-डे' की शुभकामनाएं दीं।

# मां और बेटी की मौत पर रिपोर्ट के बावजूद पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** पहले मां और उसके बाद बेटी की मौत पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज होने के बावजूद पुलिस द्वारा कार्रवाई ना किए जाने के बाद परिजनों ने मामले को लेकर खुदकुशी करने और कोर्ट में जाने की चेतावनी दी है।




नई मंडी क्षेत्र के सरवट गढ़ी निवासी उस्मान व उनके परिजनों ने आज प्रेस से वार्ता करते हुए कहा कि उनकी पुत्री साइमा की शादी भंडूरा निवासी दानिश के साथ 14 नवंबर 2021 में हुई थी। आरोप है कि हैसियत से अधिक दहेज देने के बावजूद परिजन उसका उत्पीड़न करते रहे और बाद में उन्हें दस लाख रुपये भी उन्होंने दिए। उन्होंने बताया कि गर्भवती होने के बाद साईमा को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। 4 सितंबर 22 को उसकी मौत हो गई। आरोप है कि पोस्टमार्टम में उसकी मौत का कारण दिल का दौरा पड़ना बताया गया, जबकि मौत के बाद उसका पूरा शरीर नीला पड़ गया था। साइमा की मौत के कुछ ही दिन बाद उसकी मासूम नवजात बेटी की भी मौत हो गई। उसकी मौत का कारण निमोनिया बताया गया। परिजनों का आरोप है कि पहले साइमा और उसके बाद नवजात पुत्री की उसके ससुराल वालों के उत्पीड़न के चलते मौत हो गई। उस्मान का आरोप है कि तमाम शिकायतों के बाद पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। वे एसएसपी से लेकर मुख्यमंत्री और महिला आयोग तक गुहार लगाकर हार चुके हैं। ऐसे में उनके सामने आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने मामले को कोर्ट में भी ले जाने की चेतावनी देते हुए कहा कि ससुराल पक्ष के राजनीतिक दबाव के कारण पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही।

# एंबिएंस एकेडमी में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मनाया क्रिसमस-डे

## ▸▸ छात्र-छात्राओं ने मोहा सभी का मन

**जानसठ, 24 दिसंबर (बु.)।** एंबिएंस एकेडमी में क्रिसमस-डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। शनिवार को एकेडमी में क्रिसमस-डे पर नन्हे नन्हे केजी के बच्चों द्वारा वेलकम डांस प्रस्तुत किया। जिसे देखकर शिक्षक व बच्चे काफी उत्साहित हुए। वही कक्षा पांच की छात्रा सोफिया ने क्रिसमस-डे दिवस पर पूर्ण रूप से प्रकाश डाला। इस दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा अनेक प्रस्तुति दी गई। जिनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय आए छात्र छात्राओं को स्कूल के प्रबंधक भावेश गुप्ता, प्रधानाचार्या रितिका महाजन द्वारा पुरस्कार भी वितरित किए। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन साक्षी व कृतिका ने किया। रजनी गर्ग, श्वेता, स्वाति वर्मा, श्वेता चौधरी, सविता बंसल, विशाल, अंकुर मौजूद रहे।

## सेंटा ने बांटे उपहार

**जानसठ, 24 दिसंबर (बु.)। आर्यन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में क्रिसमस-डे का कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। वही कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और कुछ बच्चों ने सेंटा क्लोज बनकर बच्चों को अनेक उपहार बांटे गए। सेंटा को अपने बीच देखकर बच्चे खूब उत्साहित दिखे। इस दौरान स्कूल में एक रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर स्कूल की प्रबंधक सुसमिता सिंह व प्रधानाचार्य मनोज चौहान द्वारा बच्चों की जमकर प्रशंसा की है। पुरस्कार बांट सम्मानित किया।**

## आपका आज का राशिफल

**रविवार, 25 दिसंबर, 2022**

मेष- कार्य-व्यवसाय में विस्तार व परिवर्तन की योजना फलीभूत, परिवार में धार्मक कृत्य सम्पन्न, पारस्परिक सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, प्रतिष्ठा में वृद्धि।

वृषभ- परिस्थितियां सुधार पर, कार्य प्रगति पर, नवसम्पर्क से कुछेक समले पक्ष में सुलझने की ओर, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, संत समागम।

मिथुन- समय प्रतिकूल, भाग्योन्नति का मार्ग अवरुद्ध, आ्थक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, विरोधी हानि पहुँचाने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में परेशानी।

कर्क- शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, प्रियजनों के सहयोग से समस्या का समाधान, व्यापारिक वातावरण मन के अनुकूल, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।

सिंह- अभीष्ट सिद्धि हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, वाक्पटुता से कार्यों में अनुकूलता, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, राजनीतिक गतिविधियों में रुचि।

कन्या- समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, आ्थक व्यावसायिक प्रगति हेतु नवप्रयास सार्थक, स्वास्थ्य सुधार, बकाये की प्राप्ति, रचनात्मक कार्यों में रुझान।

तुला- कार्यों में प्रतिकूलता, आरोग्य सुख में कमी, व्यावसायिक पक्ष से चिन्ता, पारिवारिक दायित्व में बाधा, प्रियजनों से मनमुटाव, सामाजिक पक्ष से कष्ट।

वृश्चिक- कार्य-व्यवसाय में लाभ का सुअवसर प्राप्त, कठिनाइयों की निवृत्ति हेतु प्रयास सफल, धा्मक क्रिया-कलापों में अभिरुचि, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

धनु- स्वाध्याय की ओर रुचि, व्यापारिक आ्थक उन्नति हेतु प्रयास सफल, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, राजनैतिक गतिविधियों की ओर रुझान।

मकर- कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर प्राप्त, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, भौतिक सुख सुविधा के साधन सुलभ, दाम्पत्य सुख।

कुम्भ- भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, व्यक्तिगत समस्या के समाधान हेतु विचलित, मित्रों से मनमुटाव, परिवार में अनावश्यक खर्च, विरोधियों का वर्चस्व।

मीन- पारिवारिक प्रसन्नता, नवसम्पर्क से कुछेक मसले सुलझने को, कार्यों में अनुकूलता, धर्म-अध्यात्म की ओर रुझान, आत्मबल में वृद्धि, यात्रा सफल।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# एस. डी. कॉलेज ऑफ लॉ की छात्रा दीक्षा शर्मा ने अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में लहराया परचम

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** एस. डी. कॉलेज ऑफ लॉ की छात्रा दीक्षा शर्मा ने ए. एस. (पी.जी.) कॉलेज, मवाना द्वारा आयोजित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा आयोजित टेबल टेनिस अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता के एकल मुकाबले में भाग लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पदक प्राप्त किया। विश्वविद्यालय की टेबल टेनिस टीम में चयनित होकर कॉलेज का नाम रोशन किया।



फोटो बुलेटिन: विजयी छात्रा दीक्षा को सम्मानित करतीं कॉलेज की शिक्षिकाएं।

दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 28 दिसम्बर 2022 को आयोजित होने वाली उत्तरी जोन अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में दीक्षा शर्मा प्रतिभाग करेगी। पदक प्राप्त कर कॉलेज में आने पर दीक्षा शर्मा का स्वागत करते हुए कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा और प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने कहा है कि यह एसडी कॉलेज ऑफ लॉ के लिए गर्व का क्षण है। निदेशक मंजू मल्होत्रा ने कहा कि आज प्रत्येक छात्र-छात्रा को दीक्षा से प्रेरणा लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करना चाहिए। प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने कहा कि हमारा कॉलेज छात्र-छात्राओं के रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करने के लिए सदा प्रयासरत है और विगत वर्षों से कॉलेज में खेल प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन कराया जा रहा है। दीक्षा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने साथी खिलाड़ियों के साथ साथ कॉलेज के समस्त शिक्षकों को दिया, स्टाफ ने दीक्षा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर डॉ. मुकुल गुप्त, अमित कुमार, प्रीति लौर, पूनम शर्मा, बीता गर्ग, अभिनव गोयल, अनीता सिंह, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, गरिमा तोमर, अमित भारद्वाज, छवि जैन, विपुल कुमार, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, अभिनव अग्रवाल, उमेश त्रिपाठी, प्रीति दीक्षित, संजीव कुमार, शुभम सिंघल, विवेक सिरोही, शिवानी धीमान आदि उपस्थित रहे।

## छात्रों ने परीक्षा के विरोध में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)।** डीएवी पीजी कॉलेज के छात्रों ने शनिवार को छात्र संघ के संयुक्त सचिव अमन जैन के नेतृत्व में मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय के कुल सचिव के नाम कॉलेज प्राचार्य डॉ. संजीव मित्तल के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

छात्र संघ नेता अमन जैन ने बताया कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों से संचालित की जा रही बीए, बीएससी, बीकॉम के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के अध्ययनरत विद्यार्थियों की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम 23 दिसम्बर को विवि की वेबसाइट पर जारी कर दिया, जिससे सभी छात्र-छात्राओं में असंतोष है। परीक्षा कार्यक्रम जल्द ही जारी कर देने से छात्रों का भविष्य अंधकार में है। 23 दिसम्बर से परीक्षा कार्यक्रम वापस लिया जाये। आकाश, रवि, आशीष, अक्षय कुमार, विशु, नितिन, अंजलि, प्रियांशु, चांदनी, दीपा आदि विद्यार्थी मौजूद रहे।

# उपभोक्ता दिवस पर हुई भाषण प्रतियोगिता




फोटो बुलेटिन: भाषण प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज के प्राचार्य व अन्य शिक्षक-शिक्षिका।

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** एस.डी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स के वाणिज्य संकाय द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त विज्ञान व मानिविकी विभाग के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डा.सचिन गोयल, विभागाध्यक्ष डा. रवि अग्रवाल, श्रीमति एकता मित्तल, श्रीमति नीतू गुप्ता, डा. सौरभ जैन, डा. नवनीत वर्मा, श्रीमति मानसी अरोरा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण सर्वोपरि है, परन्तु अधिकांश उपभोक्ता अपने अधिकार के बारे में अज्ञानता के कारण धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डा. रवि अग्रवाल ने बताया कि उपभोक्ता अपने अधिकारों के संरक्षण हेतु उपभोक्ता फोरम में अपने साथ हुए धोखे या ठगी के व्यवहार की शिकायत कर न्याय प्राप्त कर सकता हैं। भाषण प्रतियोगिता में विशेष, अवनी नामदेव, सागर पंवार, तानिया, अलफिया, अंजुम, मिसकत, अक्षरा, गौतम, चंचल, आरिज, याशिका, अर्पित, आरती, रोहन गोयल, वंशिका एवं निश्चय ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान आरिज, द्वितीय स्थान रोहन गोयल एवं तृतीय स्थान अवनी नामदेव ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरूस्कार अलफिया व मसकत को मिला। निर्णायक की भूमिका में डा.नवनीत वर्मा, एकता मित्तल व प्रतियोगिता का संचालन श्रीमति मानसी अरोरा के निर्देशन में आरिज ने किया। डा. नवेद अख्तर, डा. रिंकु एस.गोयल, डा. सुरेश चन्द शुक्ला, डा. जगमोहन जोदान, डा. मौ नदीम, डा. माधुरी अरोरा, डा. अजय महेश्वरी, प्रशान्त शर्मा, मानसी अरोरा, नुपूर अरोरा, प्राची चौधरी, अमन वर्मा एवं आशा आदि ने सहयोग किया।

## गोल्डन पब्लिक स्कूल में मना क्रिसमस



फोटो बुलेटिन: क्रिसमस कार्यक्रम में गीत प्रस्तुत करते छात्र और छात्राएं।

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** पचैंडा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल में आज क्रिसमस पर्व का आयोजन हर्षोल्लास एवं रंगारंग कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ। अभिभावकों का उत्साह भी दर्शनीय था। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के अध्यक्ष इन्द्रसेन बिंदल, सचिव सुशील कुमार, कोषाध्यक्ष आरडी शर्मा द्वारा किया गया। तत्पश्चात पारंपरिक प्रार्थना एवं क्रिसमस कैरोल का गायन विद्यालय की समूह गान टीम के द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम वर्मा ने जीसस क्राइस्ट की उक्ति "सभी प्राणियों से प्रेम करो" को उद्धत करते हुए विश्व कल्याण एवं सर्वधर्म सम्भाव का आह्वान किया। छात्र-छात्राओं ने मनोहारी नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। अद्भुत रोमांच का प्रदर्शन करते हुए सेंटा क्लॉज ने दर्शक दीर्घा में बैठे छात्र-छात्राओं के बीच टॉफियों की जोरदार बारिश कर दी। टॉफियाँ पाकर छात्र-छात्राओं के मन प्रफुल्लित हो गए। अंत में प्रबंध समिति के सदस्यों एवं प्रधानाचार्या ने सभी को क्रिसमस एवं नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

# श्रीराम कॉलेज की छात्राओं ने किया अंतर महाविद्यालयी चैम्पियनशिप पर कब्जा, यूनिवर्सिटी खो-खो टीम में चयन

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की अंतर महाविद्यालयी खो-खो महिला प्रतियोगिता में श्रीराम कॉलेज की टीम ने फाइनल एसडी पीजी कॉलेज, मुजफ्फरनगर को हराकर चैम्पियनशिप पर कब्जा किया।

श्रीराम कॉलेज शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने हुये बताया कि यह खो-खो महिला प्रतियोगिता राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवबन्द में खेली गई, जिसमें माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से संबद्ध अनेक महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में श्रीराम कॉलेज की महिला खो-खो टीम ने पहले नॉक आउट मैच में स्वामी कल्याण देव पीजी, बघरा को हराकर लीग मैच में प्रवेश किया। लीग मैच में एसडी कॉलेज आफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवबन्द को हराया गया। तीसरा लीग मैच एसडी कॉलेज, मुजफ्फरनगर के साथ हुआ जिसमें श्रीराम कॉलेज की महिला खो-खो टीम ने शानदार प्रदर्शन कर विपक्षी टीम को हराकर प्रतियोगिता पर कब्जा किया। टीम कोच भूपेन्द्र कुमार सहायक प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा विभाग ने विजयी टीम को बधाई दी। महाविद्यालय आगमन पर छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने विजयी टीम को बधाई दी। प्राचार्य डा. प्रेरणा मित्तल ने विजयी खो-खो महिला टीम की जीत को गर्व की बात बताया। निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने विजयी टीम केउज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी ने हर्ष व्यक्त किया। विभाग अध्यक्ष प्रमोद कुमार, प्रवक्तागण भूपेन्द्र कुमार, डा. अब्दुल अजीज, संदीप कुमार, अमरदीप, प्रशान्त व तरूण उपस्थित रहे।



फोटो बुलेटिन: डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ को ट्राफी सौंपती महिला खिलाड़ी।

# जैन महिला प्रकोष्ठ ने मनाया नववर्ष का स्वागत समारोह

## कार्यक्रम में शिखर जी को पर्यटक स्थल घोषित करने पर सरकार की निंदा

**खतौली, 24 दिसंबर (बु.)।** जैन महासमिति महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में वर्ष 2022 का समापन व नववर्ष का स्वागत समारोह मनाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार जैन महासमिति महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कस्बे के निवासी निर्मल जैन के जीटी रोड स्थित आवास पर आयोजित हुए कार्यक्रम में डॉ. ज्योति जैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि शाश्वत तीर्थ शिखरजी हमारी सामूहिक आस्था का केन्द्र हैं, प्रतिवर्ष बडी संख्या मे जैन श्रद्धालु वहां तीर्थ वन्दना के लिए आते हैं, उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की पवित्रता सर्वोपरि है, जिसको ध्यान में रखते हुए शिखरजी को पर्यटक स्थल घोषित नहीं किया जाना चाहिए, ये निर्णय निंदनीय है।

सकल जैन समाज सम्मेद शिखरजी की पवित्रता संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस विषय में केन्द्र सरकार व झारखण्ड प्रदेश सरकार ध्यान दे। डॉ. ज्योति जैन ने परिवार को एकजुट करने पर बल देते हुए परिवार में धार्मिकता के वातावरण का सृजन करें। इस दौरान धार्मिक व सामान्य ज्ञान प्रश्नमन्च का भी आयोजन किया गया तथा नववर्ष के आगमन की खुबिया मनाते हुए अनेक मनमोहक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। सीमा जैन के संचालन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में महिलाएं सर्दी ऋतु की आकर्षक वेषभूषा धारण कर शामिल हुई। कार्यक्रम में ललिता मीनाक्षी, गीता, अलका, रजनी, रेणु, सीमा, पूनम, पिंकी, अंजली, नमिला, निर्मल, शोभा, पूनम सहित विनोद जैन, अनुपम, शिखरचन्द, हर्षित आदि शामिल रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की क़लम से

# ईदगाह मस्जिद मथुरा का सर्वे

मथुरा जनपद न्यायालय ने कल आदेश दिया कि ईदगाह मस्जिद मथुरा में भी वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर की तरह मस्जिद का सर्वे होगा। न्यायालय ने हिंदू सेना की याचिका पर यह आदेश दिया। रिपोर्ट 20 जनवरी को कोर्ट में पेश की जाएगी। सर्वे 2 जनवरी से होगा। कोर्ट में फरवरी 2020 में याचिका दायर की गई थी कि शाही ईदगाह मस्जिद श्रीकृष्ण जन्मभूमि के ऊपर बनी हुई है, इसलिए उसे हटाया जाना चाहिए। साथ ही जमीन को लेकर 1968 में हुआ समझौता अवैध है, लेकिन तब इस मामले पर सुनवाई से इनकार करते हुए 30 सितंबर 2020 के आदेश में याचिका को खारिज कर दिया गया था। कोर्ट का कहना था कि याचिकाकर्ता कृष्ण विराजमान के अनुयायी हैं और कृष्ण विराजमान खुद केस नहीं कर सकते। साल 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और ट्रस्ट शाही ईदगाह मस्जिद के बीच एक समझौता हुआ था, जिसके तहत इस जमीन को दो हिस्सों में बांट दिया गया था। लेकिन, सिविल कोर्ट में दी गई याचिका में इस समझौते को अवैध बताया गया है। इस याचिका में कहा गया है कि हिंदू समाज में ये मान्यता है कि श्रीकृष्ण का जन्म कंस के कारागार में हुआ था और यही श्रीकृष्ण का जन्मस्थान है। ये पूरा इलाका 'कटरा केशव देव' के नाम से जाना जाता है, जो मथुरा ज़िले की मथुरा बाजार सिटी में स्थित है। श्रीकृष्ण के वास्तविक जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन के हिस्से पर अवैध तरीके से मस्जिद बनाई गई है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और ट्रस्ट शाही ईदगाह मस्जिद के बीच 1968 में जो समझौता हुआ था, वो अवैध था, उसे खारिज किया जाए। कटरा केशव देव जमीन को श्रीकृष्ण को वापस दिया जाए। मुसलमानों को वहां जाने से रोका जाए। उस जमीन पर ईदगाह मस्जिद का जो ढांचा बना है, उसे हटाया जाए। शाही ईदगाह मस्जिद मथुरा शहर में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर से सटी हुई है। इस स्थल को हिंदू धर्म में भगवान कृष्ण की जन्मस्थली माना जाता है। माना जाता है कि औरंगजेब ने श्रीकृष्ण जन्मस्थली पर बने प्राचीन केशवनाथ मंदिर को नष्ट कर 1669-70 में शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया था। 1935 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 13.37 एकड़ की विवादित भूमि बनारस के राजा कृष्ण दास को अलॉट कर दी थी। 1951 में श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट ने ये भूमि अधिगृहीत कर ली थी। ये ट्रस्ट 1958 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और 1977 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के नाम से रजिस्टर्ड हुआ। 1968 में श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और शाही ईदगाह कमैटी के बीच हुए समझौते में इस 13.37 एकड़ जमीन का स्वामित्व ट्रस्ट को मिला और ईदगाह मस्जिद का मैनेजमेंट ईदगाह कमैटी को दे दिया गया। अब इस मामले में दाखिल याचिका में ईदगाह मस्जिद का सर्वे और वीडियोग्राफी कराए जाने की मांग की गई है। हिंदू राजाओं ने कटरा केशव देव में बने मंदिर की समय-समय पर मरम्मत कराई थी। सन् 1618 में ओरछा के राजा वीर सिंह देव बुंदेला ने कटरा केशव देव में श्रीकृष्ण का मंदिर बनाया या उसे ठीक करवाया। इस पर 33 लाख रुपये खर्च हुए। कुछ किताबों के हवाले से हिंदू पक्ष का दावा है कि मुगल शासक औरंगजेब ने 1658-1707 के मध्य हिंदू धार्मिक स्थानों और मंदिरों को तोड़ने के आदेश दिए थे। इसमें कटरा केशव देव, मथुरा के श्रीकृष्ण मंदिर को 1669-70 में तोड़ने का आदेश दिया गया। इस मंदिर को तोड़कर एक मस्जिद बनाई गई, जिसे ईदगाह मस्जिद नाम दिया गया। इसके बाद मराठाओं ने 1770 में मुगल शासकों से गोवर्धन में युद्ध जीतकर यहां फिर मंदिर बनवाया। लेकिन, ईस्ट इंडिया कंपनी के आने के बाद मथुरा का इलाका उनके तहत आ गया, जिसने इसे नजूल भूमि घोषित कर दिया। नजूल भूमि वो होती है, जिस पर किसी का भी मालिकाना हक नहीं होता। ऐसी जमीन को सरकार अपने अधिकार में लेकर इस्तेमाल करती है। 1815 में कटरा केशवदेव की 13.37 एकड़ जमीन को नीलाम किया गया। तब राजा पटनीमल ने सबसे ज्यादा बोली लगाकर इसे खरीद लिया। इसके बाद ये जमीन राजा पटनीमल के वंशज राजा नरसिंह दास के पास चली गई। तब मुस्लिम पक्ष ने राजा पटनीमल के मालिकाना हक को लेकर आपत्ति जताई थी, लेकिन कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। इसके बाद 8 फरवरी 1944 को राजा पटनीमल के वंशजों राय किशन दास और राय आनंद दास ने 13.37 एकड़ की ये जमीन मदन मोहन मालवीय, गोस्वामी गणेश दत्त और भिखेन लाल जी आत्रे के नाम कर दी, जिसके लिए जुगल किशोर बिड़ला ने 13,400 रुपये का भुगतान किया। इसके बाद भी मुस्लिम पक्ष ने 1946 में इस खरीद-बिक्री पर सवाल उठाया। इसे भी खारिज कर दिया गया और पिछला आदेश ही मान्य रहा। इसके बाद जुगल किशोर बिड़ला ने इस जमीन के विकास और भव्य कृष्ण मंदिर के निर्माण के लिए 21 फरवरी 1951 को श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट बनाया। उन्होंने 13.37 एकड़ की जमीन को 'भगवान श्रीकृष्ण विराजमान' को समर्पित कर दिया, लेकिन, पूरी जमीन पर कृष्ण मंदिर का निर्माण नहीं हो सका और ट्रस्ट 1958 में निष्क्रिय हो गया। इसके बाद एक मई 1958 को श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ नाम से एक सोसाइटी बनाई गई। बाद में इसका नाम श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान कर दिया गया। याचिका में कहा गया है कि सोसाइटी पूरी तरह से ट्रस्ट से अलग थी। उसके बाद ट्रस्ट की ओर से कार्रवाई करने का अधिकार नहीं था। इसके बाद मुस्लिम पक्ष ने जमीन को लेकर फिर कोर्ट में अर्जी दाखिल की। इस समय श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और ट्रस्ट शाही ईदगाह मस्जिद के बीच विवाद था। मुस्लिम पक्ष से जुड़े लोग मंदिर तोड़े जाने के दावे पर सवाल उठाते हैं, उनका कहना है कि औरंगजेब ने कटरा केशव देव में 1658 में मस्जिद बनाई थी, लेकिन इससे पहले यहां मंदिर होने के कोई प्रमाण नहीं हैं। कोर्ट में मंदिर तोड़ने के औरंगजेब के जिस आदेश का हवाला दिया गया है, वो सिर्फ लिखित में है। उस आदेश की कोई कॉपी या नकल नहीं दी गई है। ऐसे में मंदिर तोड़ने का आदेश देने का प्रमाण नहीं है। यहां 1658 ही से मस्जिद बनी हुई है और 1968 में समझौते से विवाद खत्म हो गया था, जिसे अब अवैध बताया जा रहा है।



# डीएम दरबार पहुंची विधवा, पैतृक संपत्ति को बेचने से रोके जाने की लगाई गुहार

मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)। शाहपुर क्षेत्र के ग्राम कुटबी निवासी विधवा ने शनिवार को डीएम दरबार पहुंच अफसरों से पैतृक संपत्ति की भूमि को पुत्र की दुर्घटना में मौत के बाद दूसरी जगह शादी करने वाली पुत्रवधु को अधिकार से वंचित किए जाने की मांग की। विधवा महिला का आरोप है कि उसके पुत्र की हुई मौत के बाद जो भूमि पुत्रवधु के नाम दर्ज हुई है, प्रशासन उक्त कृषि भूमि को फिर से उसके ही नाम कराने की व्यवस्था कराने की मांग की। शनिवार को शाहपुर क्षेत्र के ग्राम कुटबी निवासी विधवा विद्या पत्नी जसवीर सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पर पहुंच अधिकारियों को सौंपे गए शिकायती पत्र में बताया कि उसके दो पुत्रों में एक पुत्र की मौत दुर्घटना में हो गई थी, जिसके बाद उसकी पत्नी अपनी बेटी के साथ मायके में रहने लगी थी। विधवा का आरोप है कि बाद में उसकी पुत्रवधु ने किसी अन्य युवक के साथ विवाह कर लिया है और अब उसके पुत्र के नाम की पैतृक संपत्ति के रूप में कृषि भूमि को पुत्र की दुर्घटना में मौत के बाद दूसरी जगह शादी करने वाली पुत्रवधु को अधिकार से वंचित किए जाने की मांग की। विधवा महिला का आरोप है कि उसके पुत्र की हुई मौत के बाद जो भूमि पुत्रवधु के नाम दर्ज हुई है, प्रशासन से उक्त कृषि भूमि को फिर से उसके ही नाम कराने की व्यवस्था कराने की मांग करते हुए एसडीएम को निर्देशित कराने की बात की।

# जी.डी. गोयनका स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव व क्रिसमस-डे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया





मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)। शनिवार को जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में छात्रों ने विद्यालय का वार्षिक खेल महोत्सव व क्रिसमस-डे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। महोत्सव के इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अनेक खेलों एवं रंगारंग कार्यक्रमों के द्वारा दर्शकों के मन को मोह लिया। कार्यक्रम के आरंभ में प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या ने मुख्य अतिथि विनीत जैसवाल (आई.पी.एस. मुजफ्फरनगर) एवं गजेंद्र कुमार (डी.आई.ओ.एस.) को पुष्प भेंट करके उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने मशाल प्रज्ज्वलित करके वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सबसे पहले सभी हाउस के हैड ब्वाय और हैड गर्ल्स ने मार्च पास्ट किया व छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत व नृत्य के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद विभिन्न गतिविधियाँ जैसे क्रिसमस-डे नृत्य, पी.टी ड्रिल, होप जंप रेस, पिरामिड रेस, बॉल बिटवीन द लेग्स, बैलेंस द होप, आब्स्टकल रेस, ड्रिल, १००, २००, ४००, ८००, १६०० मीटर रेस, लावनी लेजियम नृत्य, पैराशूट ड्रिल, योगा, स्केटिंग तथा एरोबिक नृत्य में छात्रों ने विशेष उत्साह दिखाया। अभिभावकों की रेस कराई गई। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं मेडल के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि विनीत जैसवाल ने छात्रों के द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में उमंग, चेतना, आत्मविश्वास व एकता की भावना का विकास करते हैं। अतः हमें खेलों को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुरेखा सिंह ने विद्यालय में आयोजित पूरे वर्ष की सभी गतिविधियों के विषय में संक्षेप में वर्णन किया और साथ ही उन्होंने छात्रों को बताया कि हमारे जीवन में व्यायाम एवं खेलों का कितना अधिक महत्व है। सभी प्रतिभागियों से पूरी लगन, निष्ठा व ईमानदारी के साथ प्रतिभाग करने की अपील की तथा छात्रों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया। पवन गोयल, सचिन गोयल, अनु मलिक, डॉ. केजी अरोरा, सचिन गर्ग, आकाश ठाकुर, गौरव शर्मा, योगेश एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस-डे



मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)। आज एसडी ग्लोबल स्कूल के प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किसमस-डे मनाया गया। इस दिन बच्चों ने क्रिसमस-डे को मनाने के लिए तरह-तरह के डांस किये। सांता क्लॉज के वस्त्र पहनकर नन्ने-मुन्ने बच्चे बहुत ही प्यारे सांता क्लॉज बने हुए थे। नर्सरी से कक्षा पांचवी तक के बच्चों ने लाल रंग की पोशाक पहनकर किसमस-डे मनाया। बच्चों ने क्रिसमस गाने पर सांता क्लॉज के साथ बहुत ही सुन्दर डांस भी प्रस्तुत किया और बच्चों को बहुत से उपहार भी दिए। एसडी ग्लोबल स्कूल के निर्देशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि यीशू मसीह वो शक्श थे, जिन्होंने न सिर्फ ईसाई धर्म की स्थापना को बल्कि ईसाई मान्यताओं के अनुसार इन्सानों के गुनाह की खातिर खुद सूली पर चढ़ गए। डॉ. सिद्दार्थ शर्मा ने यह भी बताया कि यीशू मसीह का जन्म फिलिस्तीन के बेथलहम शहर में लगभग ईशा पूर्व हुआ था। उनके पिता का नाम जोसफ और माता का नाम मैरी था। स्कूल की प्रधानाचार्या अनु मलिक ने बताया कि क्रिसमस दुनियाभर में मनाये जाने वाला पर्व है, जिसे प्रत्येक वर्ष 25 दिसम्बर को मनाया जाता है। यीशु मसीह के जन्म से ही अंग्रेजी कैलेंडर की शुरूआत हुई। उन्होंने ये भी बताया कि सांता क्लॉज को सेंट निकोलस, फादर, क्रिसमस, क्रिस क्रींगल नंगल, या सिर्फ सांता के नाम से भी जाना गया है। इस कार्यक्रम में वैष्णवी, गुंजन, आरव, यासिर, तनिष्क, दक्षिका, अवनी, अवन, वीर, विराट, युमना मनाहिल, 'आरुष रिदा, यशिका आदि का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति गोयल (संयोजक), रवि (संयोजक), ईशा शर्मा, रूपा, श्वेता राजपूत, दीपावली, श्वेता जैन, मोनिका वर्मा, अमिता, रूचि, सोनिका शर्मा, निशा, अभिलाषा, सागर, रवि कुमार, सुमित गुप्ता, अरविन्द, सुभाष, अंकित, आदेश आदि का सहयोग रहा।

मकान बिकाऊ है

एक मकान 500 वर्ग गज में, बिल्कुल नया बना हुआ, गढ़ी गौरवान, पत्थर वाली सराय, निकट मोती महल में बिक्री के लिए उपलब्ध है।

-: सम्पर्क करें :-
M. 9412476773, 8218402002

HONDA
विश्व के सबसे बड़े टू व्हीलर निर्माता

आपको होंडा अधिकृत सर्विस सैंटर बनने के लिए आमंत्रित करता है।

स्थान :
मन्सूरपुर, पुरकाजी, चरथावल

सम्पर्क करें -
रोशन होंडा
विकास भवन के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
Mob. - 9897005950, 9528250646

# शहीदी सप्ताह के बीच स्कूली बच्चों ने किए सांस्कृतिक कार्यक्रम




मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)। श्री गुरू सिंह सभा की ओर से शनिवार को शहीदी सप्ताह को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देते हुए दर्शकों को तालियां बजाने को विवश कर दिया। इस दौरान बेहतर प्रस्तुति देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किए जाने के साथ ही गुरू का लंगर छका गया। शनिवार को श्री गुरू सिंह सभा की ओर से शनिवार को शहीदी सप्ताह को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दून वैली पब्लिक स्कूल, शारदेन स्कूल, एमजी पब्लिक स्कूल, गुरू गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल और श्री कृष्ण जानकी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी अपनी प्रस्तुति पेश करते हुए चार साहिब जादे व माता गुजरी जी के शहीदी दिवस पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सभी स्कूलों के प्रतिभावान बच्चों ने बहुत ही अच्छा कार्यक्रम पेश किया गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी बच्चों को श्री गुरू सिंह सभा द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्री गुरू सिंह सभा के प्रधान चरण सिंह बराड़ व अन्य कई पदाधिकारियों के अलावा सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, अमरजीत सिंह सिडाना, वीरेंद्र सिंह सेखो, वजीर सिंह ग्रोवर, गुरचरण सिंह बराड़, बलकार सिंह, देवेंद्र सिंह चड्ढा, गुरुप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह, सुरेंद्र सिंह गंभीर, दिलप्रीत सिंह, रणजीत सिंह, सुजीत सिंह, जितेंद्र पाल सिंह, अरविंद सिंह, प्रभजोत सिंह, जगप्रीत सिंह, जसप्रीत सिंह, अभीजीत सिंह गंभीर, प्रिंस, गोपाल सिंह व धनप्रीत सिंह चन्नी बेदी आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा। कार्यक्रम समाप्ति पर श्री गुरू सिंह सभा की ओर से गुरू के लंगर की व्यवस्था की गई, जिसे सभी बच्चों ने पंगत में बैठकर लंगर छका। इस दौरान सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य का सभा पदाधिकारियों द्वारा धन्यवाद किया गया।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम **सोनू** से बदलकर **सोनू इकबाल** रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे नये नाम **सोनू इकबाल** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

सोनू इकबाल
पुत्र मौ. इकबाल
निवासी : 116, रामपुरी,
जिला मुजफ्फरनगर

गोदाम बिकाऊ है

रूड़की रोड पर एक गोदाम, जो 225 वर्ग गज में बना हुआ, जिसमें तीन कमरे नीचे, ऑफिस एवं दो कमरे ऊपर बने हुए हैं, जो रामपुरी में मेन सड़क से लगभग 50 मीटर अन्दर है।

-: सम्पर्क करें :-
M. 9837188050

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"कलयुग" "धरती" "पापी" "लोभी"

सतयुग में तो नहीं थे लेकिन त्रेता, द्वापर, कलयुग में,
इस धरती पर मन के काले, पहले भी थे अब भी हैं।
सरकारी पैसे के भक्षक, पापी, लोभी, रिश्वतखोर,
दुजों का हक खाने वाले, पहले भी थे अब भी हैं।

# एसडी पब्लिक जू. विंग में मनाया गया क्रिसमस का पर्व



मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)। एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के बच्चों ने धूमधाम से क्रिसमस का पर्व मनाया। एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में क्रिसमस का त्योहार बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत के जी शिक्षिकाओं द्वारा कैरोल सिंगिंग से की गई। कक्षा तीन-ए के छात्र मेघांश द्वारा क्रिसमस के त्योहार के बारे में बताया गया और चर्च की कार्यशैली के बारे में बताया गया। छात्रा प्रनवी मित्तल ने गीत प्रस्तुत किया। कक्षा तीन की छात्राओं द्वारा 'वी विश यू अ मैरी क्रिसमस" गाने पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस नृत्य को शिक्षिका पारुल निगम द्वारा तैयार कराया गया था। रुचि खन्ना द्वारा कर्णप्रिय गीत 'नन्हे है नन्हा सा दिल, प्रस्तुत किया गया। परियां और सेंटा का रूप बनाकर आए केजी कक्षा के नन्हे मुन्नों ने सभी का मनमोह लिया। बच्चों ने भी क्रिसमस के सुंदर-सुंदर कार्ड्स, क्रिसमस ट्री, क्रिसमस बेल्स और नए साल के लुभावने कार्ड्स बनाए। इन गतिविधियों का आयोजन शिक्षिका हुमा शमीम एवं मंजू सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का पूरा आनंद लिया। मनीषा जैन और कुमारी आंचल खन्ना का विशेष सहयोग रहा। इंचार्ज रेनू गोयल ने क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का संदेश आपस में खुशियां बांटना, खुश रहना, प्रेम व भाईचारा फैलाना और सभी के प्रति दया का भाव रखना है। उन्होंने कामना की कि सेंटा क्लॉज सभी बच्चों की मनोकामनाएं पूर्ण करें। उन्होंने कोरोनावायरस से बचने के लिए सभी नियमों का पालन करने का आग्रह भी किया।

# स्टेपिंग स्टोंस स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का पर्व



मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)। स्टेपिंग स्टोंस स्कूल में शनिवार को क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। बच्चे रंग-बिरंगी और सांताक्लाज की ड्रेस पहनकर शामिल हुए। क्रिसमस की शुरूआत बच्चों ने रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर की। बच्चों ने ईसा मसीह के जीवन पर भी कार्यक्रम पेश किए। कक्षा १ और २ के बच्चों ने बेहद आकर्षक डांस प्रस्तुत किया। कक्षा ४ की अवन्य सांगल ने बहुत की सुंदर कविता प्रस्तुत की। सांता क्लाज की ड्रेस में आए बच्चे लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। स्कूल के सीक्रेट संता क्लाउस ने बच्चों को उपहार देते हुए शुभकामनाएं दी। सेंटा क्लाज के रूप में सजे छोटे-छोटे बच्चों ने सभी का मन मोहा। प्रभू यीशू के जन्मदिवस पर आधारित कई नाटक बच्चों ने प्रस्तुत किए गए। शिक्षकों ने प्रभू यीशू के जीवन पर कई रोचक प्रसंगों की जानकारी बच्चों को दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने कहा कि प्रभू यीशू ने जीवन पर्यंत मानवता की शिक्षा दी।

स्कूल के सह संस्थापक अभिनव शुशील ने बच्चों को स्वस्थ और निरोगी रहने का शुभाशीष दिया। स्कूल की मैनेजमेंट कमिटी की हेड सोनिया बंसल ने बच्चों को आशीर्वाद और हमेशा जीसस क्राइस्ट की तरह सचाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं किडस्कूल इंचार्ज ईशा मित्तल ने बच्चों को संगीत और म्यूजिक एक्टिविटि करवायी।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया



मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)। अंबाविहार स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सत्र 2021-2022 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मैडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अंकित परमार मैनेजर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, नसीफ अहमद मार्केटिंग मैनेजर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सेक्रेटरी नजमुल हसन राजा, ट्रेज़रार नईम मेवाती, डॉयरेक्टर मुदस्सिर हुसैन, प्रधानाचार्या नौरीन सिद्दीकी, काउंसलर सुमायला अकरम रहे। अंकित परमार ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा हमारे लिए अत्यंत आवश्यक है। हमारे भविष्य के निर्माण और कैरियर को आकार देने में अच्छी और उचित शिक्षा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर सभी अध्यापिकाएँ उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन पूर्ण उत्साह के साथ किया गया।

URGENT HIRING
EVAN MULTISPECIALITY HOSPITAL AND RESEARCH CENTRE

1. MBBS Doctor
2. RMO with minimum experience of 1-2 Year
3. Nursing Staff (GNM)
4. Public Relation Officer
5. OPD Coordinator
6. Executive Assistant
7. CT Scan & X-ray Technician
8. Pharmacist
9. Dialysis Technician

For More Info :
Contact : HR Manager
Contact No. : 7060311156
Interview Timing : 9 AM to 5 PM

Venue : EVAN MULTISPECIALITY HOSPITAL
4th km. Mile Stone, Kiran City, Bhopa Road, Muzaffarnagar

# वर्ल्ड विजन में तुलसी दिवस का भव्य आयोजन



मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)। विद्यालय में तुलसी दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर पुलिस मॉडर्न स्कूल से आए छात्रों ने भी अपनी भव्य प्रस्तुति दी व प्रधानाचार्या को एक मॉडल भेंट किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने तुलसी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि तुलसी पूजन से रोग नष्ट हो जाते हैं और अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त होता है। इस प्रथा की शुरुआत साल 2014 से हुई और इस दौरान देश के कई मंत्रियों और संतों ने तुलसी पूजा के महत्व का बखान सोशल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया, तभी से तुलसी दिवस मनाया जाने लगा। इस कार्यक्रम में अकेडमिक कोऑर्डिनेटर मोनिका अग्रवाल व अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

# चिल्ड्रन एकेडमी में रही क्रिसमस की धूम





मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)। शनिवार को चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय में क्रिसमस डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या कमलेश शर्मा ने क्रिसमस की बधाईयां देते हुए कहा क्रिसमस या बड़ा दिन ईसा मसीह या यीशु के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। दुनियाभर में 25 दिसंबर के दिन को क्रिसमस डे के रूप में मनाया जाता है। यह खासतौर पर ईसाई धर्म का त्योहार है, लेकिन हर धर्म के लोग इसे मनाते हैं।

इसे बड़ा दिन भी कहा जाता है। उन्होंने बताया की इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चों ने संता क्लॉज का रूप धारण कर एक दूसरे को बधाई दी। विद्यालय में कई प्रतियोगिता कराई गई, जिसमे बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभाएं प्रस्तुत की। बच्चों के बीच रूप सज्जा प्रतियोगिता हुई, जिसमे बच्चे संता क्लॉज का रूप धारण करके बच्चों ने मनमोह लिया। चॉकलेट व मिठाई बांटकर बच्चों ने भी एक दूसरे को मैरी क्रिसमस की शुभकामनाए दी।

# आदित्य सिंह मिस्टर फ्रेशर तथा यश्वी वर्मा को मिस फ्रेशर व कार्तिक शर्मा को मिस्टर चार्मिंग एवम स्वाति को मिस चार्मिंग घोषित किया



मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)। एसडी कॉलेज मैनेजमेंट ऑफ स्टडीज के प्रांगण में बीएफए पाठ्यक्रम में नवागंतुक छात्र/छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी आविर्भाव 2022-23 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल, डॉ. सचिन गोयल, विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार, डॉ. रवि अग्रवाल, नीतु गुप्ता, डॉ. सौरभ जैन, मानसी अरोरा, डॉ. विभूति आदि के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके संयुक्त रूप से किया गया तथा सभी ने छात्र/छात्राओं को कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न मनोरंजन प्रस्तुतियों की गयी, जिनमें आदित्य सिंह, आशु, हिमांशी, जतिन वर्मा, कार्तिक शर्मा, मानसी नामदेव, मीनु, मानसी वर्मा, नीतु धीमान, निधी सैनी, प्रतिक्षा बालियान, रचना, राधिका त्यागी, रेशु, रितिका, रिया, सलमा, सना, संस्कृति, शैली, स्वाति, तनु, तुबा, वंशिखा गोयल आदि ने अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी। निर्णायक की भूमिका में मानसी अरोरा, नीतु गुप्ता, पारूल कुमार रहे। निर्णायक मंडल के अनुसार आदित्य सिंह मिस्टर फ्रेशर तथा यश्वी वर्मा को मिस फ्रेशर व कार्तिक शर्मा को मिस्टर चार्मिंग एवम स्वाति को मिस चार्मिंग घोषित किया गया। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी छात्र/छात्राओं और महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया और यह बताया की इस तरह के आयोजन से सभी छात्र/छात्राओं में समाजिक भावना तथा सामांजस्य से काम करने की प्रवृति का विकास होता है तथा ऐसे मंच के माध्यमों से उन्हें अपनी प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित कुमार के निर्देशन में सहर, आशीष ने किया। इस अवसर पर डॉ. आशीष गर्ग, अंकिता साहू, अर्चना, शालिनी, विशु मित्तल, विपाशा गर्ग, ज्योति, शिखा तोमर, दानिया अंसारी, कृष्ण कुमार आदि ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

## मोबाइल गेम खेलने को लेकर मां की डांट पर तीसरी के छात्र ने की खुदकुशी

**लखनऊ, 24 दिसंबर (वार्ता)।** हुसैनगंज के छितवापुर पजावा में आरुष तिवारी (12) ने बृहस्पतिवार देर शाम फांसी लगा ली। वह संस्कृत विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था। पुलिस के मुताबिक, कई दिनों से छात्र विद्यालय नहीं जा रहा था और मोबाइल पर गेम खेलता था। इस पर बृहस्पतिवार दोपहर को मां ने उसे फटकार लगाई थी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह के मुताबिक, अनिरुद्ध की बेटी कोमल उनके साथ ही रहती है। कोमल के दो बच्चे आरुष व बेटी विदिशा है। पांच साल पहले पति सुरेंद्र नाथ तिवारी की मौत हो गई थी। मायके में रहकर आसपास के घरों में खाना बनाने का काम करती हैं। कोमल के मुताबिक, आरुष कई दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था। विद्यालय से शिकायत भी आई थी। बेटा दिनभर मोबाइल गेम खेलता था। इसे लेकर फटकार लगाई थी। बृहस्पतिवार को खाना बनाने चली गईं। इस बीच आरुष ने बहन विदिशा को कमरे से बाहर भेज दिया और फांसी लगा ली। कोमल के मुताबिक, कुछ देर बाद विदिशा कमरे में गई तो उसे लटका देखा था।

## अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों का अपहरण

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गऊशाला नदी रोड़ से एक युवती घर से नकदी और गहने लेकर फरार हो गई। युवती की मां ने पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट मे पड़ौसी युवक पर उसके अपहरण का आरोप लगाया हैं। एक अन्य घटना में छपार थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा से भी एक युवती का अपहरण कर लिया गया। युवती के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर कोतवाली पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गौशाला नदी रोड़ निवासी महिला ने बताया कि उसका पति गुर्दे की बीमारी से पीड़ित है। वह अपने पति की डायलेसिस कराने गई थी। इसी दौरान पड़ौस का ही आशीष पुत्र राजेश उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया। उसकी पुत्री घर से नकदी और गहने भी ले गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर छपार थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव बसेड़ा निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह और उसकी पत्नी भारत मेडिकल कॉलेज में सफाई कर्मचारी का काम करते हैं। गत् दिवस वह दोनों अपनी ड्यूटी पर गये हुए थे। इसी दौरान गांव का ही प्रिंस उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में चाचा की मौत, भतीजा गम्भीर

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** हाइवे पर बढ़ेड़ी और बरला के बीच हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा गम्भीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को हाइवे एम्बूलेंस के द्वारा उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि छपार थाना क्षेत्र के गांव खामपुर निवासी अबूजर पुत्र अकील आज देर सायं अपने भतीजे शाहनूर अली पुत्र तैय्यब हसन के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव वापस लौट रहा था। छपार थाना क्षेत्र में बढ़ेड़ी और बरला के बीच एक वाहन की चपेट में आकर दोनों सड़क पर जा गिरे और गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाईवे एम्बूलेंस के द्वारा दोनों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों का उपचार शुरू कर दिया। उपचार के दौरान अबूजर की मौत हो गई, जबकि शाहनूर अली का उपचार चल रहा हैं। अस्पताल प्रशासन ने हादसे का शिकार हुए लोगों के परिवारजनों को इस सम्बन्ध में जानकारी दी, जिस पर परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गये। अबूजर की मौत से उसके परिवारजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## सिक्किम में शहीद जवानों के शव पहुंचे लखनऊ

**लखनऊ, 24 दिसंबर (वार्ता)।** बीते शुक्रवार की सुबह उत्तर सिक्किम में चत्तेन से रवाना होकर थांगू की ओर जा रहे सेना के तीन वाहनों के काफिले में शामिल एक ट्रक जेमा क्षेत्र में दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे में सेना के 13 जवान और तीन जूनियर कमीशंड ऑफिसर शहीद हो गए। जिनमें प्रदेश के मुजफ्फरनगर निवासी लोकेश कुमार, उन्नाव निवासी श्याम सिंह यादव, एटा निवासी भूपेंद्र सिंह और ललितपुर निवासी चरन सिंह शामिल थे। मुजफ्फरनगर के लोकेश कुमार के अलावा तीनों शहीद जवानों के पार्थिक शरीर शनिवार की शाम चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। लेकिन एटा निवासी भूपेन्द्र सिंह का पार्थिव शरीर एयरपोर्ट के अन्दर से आगरा के लिए रवाना कर दिया गया।

## श्रीराम कॉलेज फायरिंग मामले में 35 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** गत दिवस परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीराम कॉलेज में हुई फायरिंग के मामले में शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक अध्यापक ने नई मंडी थाने में 35 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में श्रीराम कालेज के सहायक अध्यापक अम्बरीश कुमार शर्मा ने बताया कि गत दिवस वे कॉलेज के गेट पर जा रहे थे, तभी 30-35 अज्ञात लोग हथियारों से लैस होकर कॉलेज में घुस रहे थे। उनके द्वारा उक्त लोगों को रोकने पर उन्होंने रिपोर्टकर्ता के साथ मारपीट कर दी। हमलावरों ने हवा में गोलियां भी चलाई, जिस पर अन्य अध्यापक भी मौके पर आ गये और तीन युवकों को दबोच लिया, जो बाद में छूटकर भाग गये। इस पूरी घटना की रिकार्डिंग कालेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सहायक अध्यापक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

## अपहरण कर हत्या का प्रयास

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** एक व्यक्ति ने चार लोगों पर तमंचे के बल पर उसका अपहरण कर बंधक बनाकर हत्या का प्रयास करने व नकदी, घडी और अन्य सामान लूट लेने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अदालत के आदेश पर नई मंडी थाने पर दर्ज हुई रिपोर्ट में गांव बागोवाली निवासी मुसाहिद हसन पुत्र स्व. सगीर अहमद ने बताया कि वह विगत 14 अगस्त को शहर से अपने गांव जा रहा था, जब वह बझेडी पहुंचा तो बझेडी निवासी गुलफाम, शाह आलम, फैसल व तैय्यब तमंचे के बल पर उसे अपने घेर में ले गये और वहां उसे बंधक बनाकर मारपीट करते हुए उसके गले में फंदा डालकर उसकी हत्या का प्रयास किया। आरोपियों ने उसके पास मौजूद हजारों की नकदी, उसकी घड़ी व अन्य सामान लूट लिया। इसी बीच उसने किसी प्रकार अपने भाई का नम्बर मिला दिया। फोन पर उसकी चीख पुकार सुनकर उसके भाई ने डायल 112 पर फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे आरोपियो के चंगुल से बचाया। आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की, तब उसने अदालत की शरण ली। अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।



फोटो - नासिर खान

दुनियाभर में क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर हैं। जिले में तमाम स्कूलों में कल अवकाश होने के कारण आज क्रिसमस के पर्व पर बच्चे सांता क्लॉज की वेशभूषा में इठलाते दिखाई दिये। मुख्य पर्व रविवार (आज) मनाया जायेगा, इसके चलते मसीही समाज तैयारियों में जुटा है। मुजफ्फरनगर और खतौली में चर्चों में इस मौके पर विशेष सजावट की गयी है। वहां विशेष प्रार्थना सभाओं के साथ क्रिसमस का पर्व मनाने की तैयारी है। दूसरी ओर बच्चे सांता क्लॉज से उपहार मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

# जिले से सात सौ करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले

**▸ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर परिचर्चा में जुटे उद्यमी ▸ पॉल्यूशन नियमों पर दिखाई दिया सभी का आक्रोश**

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** आईआईए मुजफ़्फ़रनगर द्वारा नयी औद्योगिक नीति व फरवरी माह में होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर परिचर्चा हेतु उद्यमियों की बैठक का आयोजन प्लासा होटल भोपा रोड, पर किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व विशिष्ट अतिथि परम हंस मौर्य उपायुक्त उद्योग उपस्थित रहे। इस मौके पर बताया गया है कि जिले से सात सौ करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उपायुक्त ने नयी औद्योगिक नीति पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसके तहत आवेदन करने पर कैपिटल सब्सिडी, निवेशित पूँजी पर इंटरेस्ट सब्सिडी व अन्य होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया व ग्लोबल समिट में प्रतिभाग करने के लिए निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदन करने के लिए कहा। डॉ बनवारी लाल ने सरकार की अन्य योजनाओं जैसे निर्यात,फ़ूड प्रोसेसिंग,हैंडलूम, आईटी,इलेक्ट्रॉनिक्स व इंजीनियरिंग नीति के बारे में भी बताया। आईआईए के चेयरमैन विपुल भटनागर ने कहा कि प्रदेश में आज बहतर माहौल है इस कारण उद्योग निरंतर प्रगति कर रहा है परंतु कुछ नीतिगत निर्णय सरकार को लेने होंगे मुख्यतः डेवलपमेंट ऑथोराइटीज,निर्मित भवन पर डेवलोपमेंट चार्ज ना ले कर पूरी भूमि पर ले रही है जिस से कई बार जमीन से भी ज्यादा पैसा इस का मानचित्र स्वीकृति में लग जाता है दूसरे एनसीआर में पोल्यूशन के नियम तार्किक नहीं है आज नया उद्योग लगेगा कल उसे बंद करने को कहा जाएगा वही अग्निशमन से अनापत्ति लेना एक प्रोजेक्ट है, ऐसे ही अनेकों नियमों को तार्किक व व्यवहारिक बनाने की आवश्यकता है। केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य नीरज केडिया ने कहा की उत्तरप्रदेश में उद्योग के लिए माहौल अनुकूल है पर नीति में एमएसएमई के लिए भी खूब लाभ है पर इसकी प्रक्रिया और सरल होनी चाहिए। आईआईए नेशनल इलेक्ट्रिसिटी कमेटी के सदस्य अश्वनी खंडेलवाल ने कहा की सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए उद्यमी को विभाग दर विभाग बहुत चक्कर काटने पड़ते है जिसमे उद्यमी का समय जाता है। पूर्व चेयरमैन कुश पुरी ने कहा कि जैसे गुजरात में औद्योगिक नीति के साथ गजट भी होता है, वैसे ही यहाँ भी होना चाहिए। पंकज जैन ने भी योजनाओं को सरल करने की बात कही। मुख्यअतिथि कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार वन ट्रिलियन एकोनोमी की ओर अग्रसर है इस बार दस लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य है मुजफ़्फ़रनगर में उद्यमिता की कमी नहीं है। आज योगी सरकार में बेहतर माहौल मिला है बढ़िया हाइवे 24 घंटे बिजली की सुविधा उपलब्ध है। अभी तक लगभग 700 करोड़ के निवेश का आवेदन मुजफ्फरनगर से हो चुका है। शहर को बेहतर करने लिए हमने सीमा विस्तार किया। आरआरटीएस को मुजफ्फरनगर तक लाने का पूरा प्रयास है मुजफ्फरनगर की रिंग रोड पूरी होने जा रही है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन गोयल ने सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आईआईए सचिव मनीष भाटिया ने किया बैठक में सर्वश्री अनुज स्वरूप बंसल अरविन्द मित्तल अमित गर्ग अमित जैन पंकज मोहन गर्ग संदीप जैन संजीव मित्तल नवीन अग्रवाल मनोज अरोरा जगमोहन गोयल आर के सैनी अंकुर गर्ग गौरव गोयल अश्वनी मित्तल यशपाल सिंह सुशील अग्रवाल शमित अग्रवाल विजय कुमार राजीव सिंघल संजय जैन हिमांशु गर्ग नईम चांद अमरीश कुमार पुलकित सिंगल प्रमोद शर्मा आदि अनेकों उद्यमी उपस्थित रहे।




## ज्ञानवापी की तरह मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद का होगा सर्वे

**▸ मथुरा की अदालत ने मांगी अमीन की रिपोर्ट, सुनवाई 20 जनवरी को**

**मथुरा, 24 दिसंबर (वार्ता)।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद के मामले में हिंदू सेना के दावे पर सिविल जज सीनियर डिवीजन (तृतीय) की अदालत ने ईदगाह का अमीन सर्वे करने का आदेश किया है। यह उसी तर्ज पर है जिस तरह से वाराणसी में ज्ञानवापी के मामले में कोर्ट ने आदेश दिया था। बृहस्पतिवार को इस पर प्रतिवादियों को नोटिस जारी होने थे, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तारीख तय की है। विगत आठ दिसंबर को दिल्ली निवासी हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता व उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव ने सिविल जज सीनियर डिवीजन (तृतीय) की न्यायाधीश सोनिका वर्मा की अदालत में दावा किया था। इसमें कहा कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन पर मंदिर तोड़कर औरंगजेब द्वारा ईदगाह तैयार कराई गई थी। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर मंदिर बनने तक का पूरा इतिहास अदालत के समक्ष पेश किया। उन्होंने वर्ष 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ बनाम शाही मस्जिद ईदगाह के बीच हुए समझौते को भी चुनौती दी है। वादी के अधिवक्ता शैलेष दुबे ने बताया कि आठ दिसंबर को अदालत के समक्ष पूरा मामला रखा। अदालत ने उसी दिन केस को दर्ज कर लिया था और अमीन रिपोर्ट के आदेश कर दिए हैं। इस संबंध में 22 दिसंबर को अदालत में सुनवाई नहीं हो सकी। अब 20 जनवरी तक अमीन को ईदगाह की रिपोर्ट अदालत में पेश करनी होगी।



## राहुल गांधी ने हजरत निजामुद्दीन की दरगाह पर चादर चढ़ाई

**नई दिल्ली, 24 दिसंबर (वार्ता)।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शनिवार सुबह बदरपुर बॉर्डर से दिल्ली में प्रवेश कर गई। राहुल का काफिला इंडिया गेट से भी होकर गुजरा। राहुल गांधी ने हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर चादर चढ़ाई। इस दौरान पुलिस और समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की हुई। लाल किला पर जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ये मोदी की नहीं बल्कि अडानी-अंबानी की सरकार है। इस सरकार में देश के युवा पकौड़े बनाने को मजबूर हैं।राहुल गांधी ने कहा कि चीन नें हमारी जमीन पर कब्जा किया। चीन ने दो हजार वर्ग किमी हमारी जमीन हड़पी। उधर प्रधानमंत्री कहते हैं कि हमारी जमीन पर कोई नहीं आया। राहुल ने कहा कि मेरी छवि को खराब करने के लिए इस सरकार ने करोड़ो रुपए खर्च कर दिए। राहुल गांधी ने लाल किला से भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री पर लगाम लगी हुई है। ये किसानों और युवाओं में डर फैलाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा में कुत्ता, गाय सब आए लेकिन कहीं कोई हिंसा की बात सामने नहीं आई। राहुल गांधी ने कहा कि हिंदू धर्म में कहां लिखा है कि कमजोर को मारो, मैंने गीता उपनिषद पढ़े कहीं ऐसा नही लिखा है। भाजपा की सरकार में डर फैलाया गया है। यह सरकार 24 घंटे डर फैलाने में लगी है। इस मौके पर पहुंचे कमल हसन ने कहा कि कई लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं यहां क्यों हूं। मैं यहां एक भारतीय के तौर पर हूं। मेरे पिता कांग्रेसी थे। मेरी अलग-अलग विचारधाराएं थीं और मैंने अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी शुरू की लेकिन जब देश की बात आती है, तो सभी राजनीतिक दलों की लाइनें धुंधली हो जाती हैं। मैंने उस लाइन को पार कर दिया और यहां आ गया।

## तलाक की नौबत, पर मोबाइल छोड़ने को तैयार नहीं हुई पत्नी

**अलीगढ़, 24 दिसंबर (वार्ता)। स्मार्टफोन का विवाद इतना बढ़ गया कि तलाक की नौबत आ गई। पति ने तो यहां तक कह दिया कि पत्नी मोबाइल चलाना छोड़ेगी, तभी वह उसे साथ रखेगा। ससुराल की ओर से मिले 200 गज के प्लाट का प्रस्ताव भी उसने ठुकरा दिया, लेकिन पत्नी ने भी मोबाइल छोड़ने से इंकार कर दिया। परिवार न्यायालय के काउंसलर योगेश सारस्वत ने बताया कि सारसौल निवासी महिला की शादी मडराक क्षेत्र के व्यक्ति से 2013 में हुई। दंपती पर एक बेटा भी है। दो वर्ष पहले दंपती में मोबाइल की वजह से विवाद शुरू हुआ और महिला पति से अलग रहने लगी। महिला ने 2020 में परिवार न्यायालय में बेटे की पढ़ाई और खुद के खर्च के लिए 35 हजार रुपये मासिक खर्चे का दावा दायर कर दिया। इस दावे के आधार पर महिला के पति को न्यायालय में बुलाया गया। जहां मोबाइल विवाद सामने आया। पति ने साफ कहा कि वह उसे साथ रखने के लिए तैयार है, मगर उसे मोबाइल चलाना छोड़ना होगा। इस पर ससुर की ओर से प्रस्ताव रखा गया कि वह विवाद खत्म कर साथ रहें, तो बदले में उसे दहेज में 200 वर्ग गज का प्लॉट दिया जाएगा। लेकिन पति ने साफ इंकार कर दिया। महिला ने भी मोबाइल चलाना बंद करने से इंकार कर दिया। वह मासिक खर्चे की जिद पर अड़ गई। अब तक न्यायालय में दोनों को आठ बार काउंसलिंग के लिए बुलाया जा चुका है।**

## टीवी अभिनेत्री तुनिशा शर्मा ने सेट पर ही आत्महत्या की



**मुंबई 24 दिसंबर (वार्ता)।** सोनी सब टीवी के सीरियल 'अलीबाबाः दास्तान ए काबुल' की लीड अभिनेत्री तुनिशा शर्मा ने शनिवार (24 दिसंबर) को आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि उन्होंने टीवी सीरियल के सेट पर ही फांसी लगा ली। मामले की जानकारी मिलते ही उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, आत्महत्या करने की वजह सामने नहीं आई है। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि तुनिशा की उम्र महज 20 साल थी। उन्होंने बाल कलाकार के रूप में इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरूआत की थी और 'भारत का वीर पुत्र महाराणा प्रताप' सीरियल से डेब्यू किया था। तुनिशा का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिवाड़ी के अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक, तुनिशा इस वक्त सोनी सब टीवी के सीरियल 'अली बाबाः दास्तान ए काबुल' में अहम किरदार निभा रही थीं। वह इस सीरियल में शहजादी मरियम बनी थीं। इसके अलावा वह फितूर, बार-बार देखो, कहानी 2 : दुर्गा रानी सिंह, दबंग 3 आदि फिल्मों में भी नजर आई थीं। फितूर और बार-बार देखो में तुनिशा ने कटरीना कैफ की किशोरावस्था का किरदार निभाया था।

# आज तड़के पहुंचेगा शहीद लोकेश का पार्थिव शरीर

**▸ सिक्किम के हादसे में शहीद जिले के लाल के घर पहुंच मंत्री कपिल देव अग्रवाल, रालोद विधायक चंदन चौहान और जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. निर्वाल ने दी सांत्वना ▸ गमगीन माहौल में राजकीय सम्मान के बीच गांव यूसुफपुर में होगा शहीद लोकेश का अंतिम संस्कार**

**भोपा, 24 दिसंबर (बु.)।** नॉर्थ सिक्किम में दर्दनाक सड़क हादसे में शहीद हुए गांव यूसुफपुर के लोकेश सहरावत का पार्थिव शरीर कल (आज) तड़के घर पहुंचेगा। अंतिम दर्शन के बाद शहीद का खेत में अंतिम संस्कार किया जायेगा। उधर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, क्षेत्रीय रालोद विधायक चंदन चौहान और जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने सहरावत के घर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

भोपा थाना क्षेत्र के गाँव यूसुफपुर निवासी 27 वर्षीय लोकेश सहरावत सिक्किम में हुए एक सड़क हादसे में शहीद होने की खबर आने के साथ से पूरे इलाके में शोक का माहौल है। शनिवार की सुबह राज्यमन्त्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीरपाल निर्वाल और क्षेत्रीय विधायक चंदन चौहान शहीद सैनिक के घर पहुँचे तथा शहीद के पिता उदयवीर चौधरी को सांत्वना देकर ढांढस बधाई। इसके अलावा शहीद के घर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा, जिनमें बाबा ओमबीर सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ. वीरपाल सहरावत, जोगेन्द्र वर्मा, रामकुमार शर्मा, कैप्टन ज्ञानेन्द्र सिंह, राजेश सहरावत, धर्मपाल राठी, कैप्टन सुधीश, अश्वनी सहरावत, संजीव कुमार, विनोद गुर्जर आदि सहित गणमान्य व्यक्तियों का तांता लगा रहा। शहीद लोकेश के परिवार में पिता उदयवीर सहरावत, माता कुसुम, पत्नी तनु व विवाहित बहन रश्मि है। जवान बेटे की मौत से उदयवीर सिंह को गहरा आघात लगा है। वही माता कुसुम, पत्नी तनु व बहन रश्मि का रो-रोकर बुरा हाल है। लोकेश वॉलीबॉल के खिलाड़ी थे और स्पोर्ट्स के माध्यम से 2013 में मध्यप्रदेश के जबलपुर में उनकी भर्ती हुई थी। लोकेश सहरावत भारतीय सेना की 25 ग्रेनेडियर बटालियन में भर्ती हुए थे। उनकी पोस्टिंग वर्तमान में नार्थ सिक्किम में थी। एक माह की छुट्टी बिताने के बाद बीते 9 दिसम्बर को लोकेश सहरावत ड्यूटी पर वापस गये थे। गुरुवार की शाम परिजनों ने लोकेश सहरावत से फोन पर अंतिम वार्ता की थी। शहीद लोकेश सहरावत का अन्तिम संस्कार रविवार की सुबह भोपा-मोरना मार्ग पर युसुफपुर गाँव के मुख्य चौराहे के निकट किया जायेगा। पैतृक कृषि भूमि में अन्तिम सँस्कार की तैयारियों को लेकर सुबह सवेरे ग्रामीणों ने खेत के आस-पास साफ सफाई की। इसके उपरांत तहसीलदार जानसठ संजय सिंह, बी.डी.ओ राम आशीष, ए.डी.ओ. पँचायत चन्द्र प्रकाश शर्मा ने गाँव के मुख्य मार्ग पर सफाई अभियान चलाते हुए रास्तों से गन्दगी को साफ कराया। अन्तिम संस्कार में प्रशासनिक उच्चाधिकारियों सहित, जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों के भाग लेने की संभावना है। बताया गया कि दिल्ली से शहीद लोकेश का पार्थिव शरीर देर रात जिला मुख्यालय पहुंचेगा। यहां पर रात्रि में पार्थिव शरीर को रखा जायेगा, इसके बाद सवेरे यहां श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद शहीद की अंतिम यात्रा प्रारंभ होगी। बाईपास पर सवेरे हजारों लोग इस अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए जुट सकते हैं। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने भी तैयारी की है।



यूसुफपुर में शहीद के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे मंत्री कपिल देव अग्रवाल व विधायक चंदन सिंह चौहान

## तमंचा लेकर नाराज प्रेमिका को धमकी देने कालेज पहुंचा छात्र

**मीरापुर, 24 दिसंबर (बु.)।** क्षेत्र के एक डिग्री कॉलेज में प्रेमिका को धमकी देने के लिए एक छात्र तमंचा लेकर कॉलेज पहुंच गया। शिक्षकों ने मामले की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया। रामराज थानाक्षेत्र के गांव हाशमपुर निवासी आकाश पुत्र सनोज कुमार एक डिग्री कॉलेज में बीए का छात्र हैं तथा कॉलेज की एक छात्रा से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा हैं। कुछ दिनों से उसकी प्रेमिका नाराज चल रही थी। उसने प्रेमिका को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस बात से नाराज होकर शुक्रवार को आकाश अपनी एंटी में एक तमंचा लगाकर प्रेमिका को धमकाने कॉलेज पहुंच गया। इसकी भनक शिक्षकों को लगी तो अफरा तफरी मच गई। शिक्षकों ने पुलिस को सूचना दी सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को आया देख आरोपी छात्र भयभीत हो गया तथा तमंचा व कारतूस पास के ईंख के खेत में फेंक आया। पुलिस ने पीछाकर आरोपी छात्र को पकड़कर उससे पूछताछ की तथा ईंख के खेत से तमंचा व कारतूस बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

## शहर के बैंकों से रिजर्व बैंक भेजे गये नोट निकले जाली

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** जनपद के विभिन्न बैंकों से जमा कराने के लिये रिजर्व बैंक भेजे गये नोट जाली निकले। रिजर्व बैंक के दावा अनुभाग के प्रबंधक ने इन मामलों में नई मंडी व सिविल लाईन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नई मंडी थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पंजाब नैशनल बैंक के प्रबंधक को व सिविल लाईन थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में भारतीय रिजर्व बैंक के निर्गम विभाग के दावा अनुभाग के प्रबंधक प्रणीत पिंजला ने बताया कि नई मंडी स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा के प्रबंधक द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को जमा कराने के लिये भेजे गये नोट जाली निकले। इन नोटों की सीरीज रिजर्व बैंक की साईट पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने इस मामले में बैंक प्रबंधक को आरोपी बताते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 489 ए व 489 ई के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है। प्रणीत पिंजला ने ही एक अन्य रिपोर्ट सिविल लाईन थाने में दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि विभिन्न बैंकों से रिजर्व बैंक को भेजे गये नोट जाली निकले हैं। सिविल लाईन पुलिस ने भी सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

# जिला सहकारी बैंक के सचिव सस्पैंड

**▸ कर्मचारियों के तबादलों में गड़बड़झाले की हुई थी शिकायत**

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** जिला सहकारी बैंक में बड़े पैमाने पर कर्मचारियों के तबादलों में गड़बड़झाले में सहकारी बैंक के सचिव/ मुख्य कार्यपालक को निलंबित कर दिया गया है। सहकारी बैंक यूनियन के पदाधिकारी आदि ने सचिव पर नियमों को ताक पर रख कर्मचारियों के स्थानांतरण की शिकायत की थी। प्रारंभिक जांच आख्या पर आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता एवं प्रमुख सचिव सहकारिता लखनऊ ने मुजफ्फरनगर जिला सहकारी बैंक के सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी को निलंबित कर दिया है। जिला सहकारी बैंक के संचालक एवं रालोद जिलाध्यक्ष संदीप सिंह एवं कॉपरेटिव बैंक इम्लाइज यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार शर्मा आदि पदाधिकारियों ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में जिला सहकारी बैंक के सचिव प्रवीन कुमार द्वारा शासन की कर्मचारी स्थानांतरण नीतियों का उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर कर्मचारियों के स्थानांतरण करने का आरोप लगाया गया था। संचालक संदीप सिंह का आरोप था कि एक अप्रैल से लेकर दिसंबर माह तक सचिव प्रवीन कुमार ने कार्यरत 230 बैंक कर्मचारियों के सामपे 105 कर्मचारियों के स्थानांतरण नियम विरुद्ध किए गए हैं। इस पर आयुक्त निंबधक सहकारिता लखनऊ ने डिप्टी रजिस्ट्रार सहारनपुर मंडल योगेंद्र पाल सिंह एवं एआर कॉपरेटिव रत्नाकर सिंह को जांच सौंपी थी। उक्त जांच समिति अपनी रिपोर्ट शासन को भेजी। इस पर जांच आंख्या के आयुक्त निबंधक सहकारिता एवं प्रमुख सचिव सहकारिता ने जिला सहकारी बैंक मुजफ्फरनगर के सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रवीन सिंह के निलंबन के आदेश दिए हैं। जांच में पाया गया है कि सचिव प्रवीन ने कई कर्मचारियों के स्थानांतरण बिना कारण अथवा बिन जांच एवं परीक्षण के ही किए गए हैं।

## चीन के अस्पतालों में लाशों के ढेर लगे

**नई दिल्ली।** चीन के अस्पतालों में बेड, दवाओं, डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी हो गई है। लोग सड़क किनारे ड्रिप लगवाकर इलाज करवाने को मजबूर हैं। हालांकि, चीन ने अपनी आधिकारिक रिपोर्ट में केवल 4,103 संक्रमितों के मिलने की पुष्टि की है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, यहां 24 घंटे के अंदर तीन करोड़ 70 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित पाए गए हैं। एक-एक शहर में तीन से दस लाख तक मरीज पाए जा रहे हैं। हालांकि, चीन के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार 23 दिसंबर को केवल चार हजार 103 मरीज पाए गए हैं। चीन के हर शहर में मरीजों से अस्पताल भर चुके हैं। बेड, ऑक्सीजन बेड, दवाओं की भारी कमी हो चुकी है। अस्पताल के बाहर सड़क किनारे मरीजों को ड्रिप लगाकर इलाज दिया जा रहा है। अस्पतालों के वार्ड भरने के बाद छत, गलियारे तक में मरीजों को भर्ती किया गया है। कई स्पोर्ट्स स्टेडियम को अस्थायी अस्पताल में तब्दील कर दिया गया है। चीन में बड़ी संख्या में डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ भी संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। तेज बुखार व तबियत खराब होने के बावजूद बड़ी संख्या में डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ के लोग अस्पतालों में लोगों का इलाज कर रहे हैं। चीन में कोरोना से मरने वाले लोगों को या तो दफनाया जा रहा या फिर जला दिया जा रहा है। इसके चलते कब्रिस्तान और अंतिम क्रिया स्थलों पर लंबी-लंबी लाइनें लग रहीं हैं।

# जैन कन्या पाठशाला कॉलेज की छात्राओं ने फिर लगाया जाम

**▸ डीएम व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर दिया धरना ▸ परीक्षा शुल्क 4148 रुपए से एक हजार रुपए कराने की मांग**

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)।** डिग्री कॉलेजों में परीक्षा शुल्क में बेतहाशा वृद्धि किए जाने को लेकर चल रहे विरोध के बीच शनिवार को एक बार फिर मेरठ रोड स्थित जैन कन्या पाठशाला महाविद्यालय की दर्जनों छात्राओं ने सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरी इन छात्राओं ने आरोप लगाया कि तीन दिन पूर्व किए विरोध के बाद अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि उनकी परेशानी का निदान किया जाएगा, लेकिन समय पूर्ण होने के बाद किसी तरह की राहत न मिलने पर अब उनके सामने सड़कों पर उतरने के अलावा ओर कोई विकल्प ही नहीं है। कॉलेज से शिवचौक तक पहुंची छात्राओं ने घंटों तक जाम लगाकर शक्ति प्रदर्शन किया और बाद में डीएम कार्यालय पर धरने पर बैठ गई। घंटों के विरोध प्रदर्शन के बाद छात्राओं ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर भी धरना देते हुए अपनी समस्या के निदान कराने की मांग की। शनिवार को अपने हाथों में तख्ती ले, विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जैन कन्या पाठशाला महाविद्यालय की दर्जनों छात्राओं ने सड़कों पर उतर डीएम कार्यालय पहुंचकर मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी सहारनपुर के कुलसचिव के नाम एक ज्ञापन सौंपा। कॉलेज की छात्राओं ने ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रबंधन से छात्राओं की बढ़े परीक्षा शुल्क 4184 रुपए को क्षमता से अधिक बताते हुए इसे घटाकर मात्र 1000 रुपए किए जाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने बीते दिवस समस्या के समाधान किए जाने का प्रदर्शन के दौरान आश्वासन दिया था, लेकिन तीन दिन बाद कोई हल होता दिखाई नहीं दे रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन को इस बीच चेतावनी दी कि यदि उनकी शुल्क वृद्धि की समस्या का समाधान न हुआ तो छात्राएं अब अपनी मांगों को लेकर बड़े आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेगी। अपनी मांगों को लेकर नगर की सड़कों पर निकली जैन कन्या पाठशाला महाविद्यालय बीएससी होम साइंस प्रथम सेमेस्टर की इन छात्राओं ने कॉलेज के मुख्य गेट से निकलकर पहले मीनाक्षी चौक उसके बाद शिवचौक पर जाम लगाया और बाद में डीएम दफ्तर पर घंटों तक धरना दिया। बाद में छात्राओं ने डीआईओएस कार्यालय पर पहुंचकर वहां पर भी विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। धरने पर बैठी इन छात्राओं ने कालेज प्रबंधन के साथ ही विश्वविद्यालय के कुलसचिव से परीक्षा शुल्क को 4184 रुपए एक सेमेस्टर की परीक्षा शुल्क किए जाने का कड़ा विरोध करते हुए इसे देने में पूरी तरह से असमर्थ बताते हुए 1000 रुपए परीक्षा शुल्क कराए जाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का समाधान न हुआ तो वह अपनी मांगों को लेकर बड़े आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेगी। इस दौरान मुख्य रूप से फरहात, ईराम, कशिफा, शिवानी, प्रीति, प्रिया, सानिया, निदा मलिक, सारा, राधिका देवी, मुस्कान, सौम्या, समरीन, शना परवीन, तमन्ना, मंतशा, आईशा, साफिया, नूशरत, नेहा, शिखा, प्रियंका, निशा मौजूद रहे।



## लाखों रुपये की संपत्ति की लूट का पुलिस ने किया खुलासा

**बुढ़ाना, 24 दिसंबर (बु.)।** नव दुर्गा इलैक्ट्रो कन्स्ट्रक्सन प्राइवेट लिमिटेड बड़ौत रोड़ बुढाना के स्टोर से लगभग 1 हफ्ते पूर्व दो गार्डो को बन्धक बनाकर लाखों रुपए की संपत्ति लूटकर ले जाने वाले ड़कैतों का बुढ़ाना पुलिस ने पता लगा लिया है। पुलिस ने एसओजी की मद् से 08 डकैतों को लूटे माल समेत गिरफ्तार किया हैं। ये जानकारी शनिवार को एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव ने पत्रकारों को दी। बताया जाता है कि बुढ़ाना कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा ने एसओजी टीम, क्राइम इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह, बायवाला पुलिस चैकी प्रभारी सत्येन्द्र नागर, बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार, हैड कांस्टेबल वकार खान, देवेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, सतवीर सिंह, कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह, विनीत कुमार, मोहित कुमार व विवेक कुमार की मद् से सीओ विनय गौतम के पर्यवेक्षण में लूट का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 16 दिसम्बर को बड़ौत रोड़ पर स्थित विद्युत प्लांट में वहां के 2 गार्डो को बंधक बनाकर लाखों रुपए की संपत्ति लूटी गई थी। पुलिस ने 8 युवकों को लूटे माल व हथियारों के साथ इटावा के जंगल से मुठभेड़ में गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर लूटे माल को बरामद किया। चन्धेडी से चोरी ट्रांसफार्मर से तांबे का तार भी ड़कैतों के पास से मिला। बदमाश शाबिर पुत्र इन्तजार, वसीम पुत्र मुस्ते, मुर्तजा पुत्र तस्वीर, सुहेल पुत्र सहाब, सावेज पुत्र इसरार, साहिल पुत्र मुस्तकीम, बिलाल पुत्र शौकीन व मुज्जमिल पुत्र इन्शाद निवासीगण मौहल्ला कायस्थवाड़ा किठौर जिला मेरठ हैं। पुलिस ने डकैतों से 300 किलो एलमुनियम का हाईटेंशन लाईन का तार, 5 किलो विद्युत तार, 3 तमंचे, 1 खोखा, 5 कारतूस व 4 चाकू बरामद किये।

## 31 मार्च 2023 के बाद आधार से गैर लिंक पैन निष्क्रिय होंगे

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने शनिवार को परामर्श जारी किया कि जो पैन अगले साल मार्च के अंत तक आधार से नहीं जुड़ेंगे, उन्हें निष्क्रिय कर दिया जाएगा। आयकर विभाग ने एक सार्वजनिक परामर्श में कहा, "आधार से पैन लिंक करना अनिवार्य है, वह जरूरी है। देरी न करें, इसे आज ही लिंक करें!" आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार, सभी पैन धारकों के लिए, जो छूट श्रेणी में नहीं आते हैं, उन्हें 31 मार्च 2023 से पहले अपने पैन को आधार से जोड़ना अनिवार्य है। 1 अप्रैल 2023 से आधार से अनलिंक पैन निष्क्रिय हो जाएगा।

## ग्राहक सेवा केन्द्र में चोरी के आरोपी दबोचे

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बकरा मार्केट स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चार बाल अपचारियों को पुलिस ने दबोच लिया। दबोचे गए आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने 26 हजार की नकदी बरामद की है। पूछताछ के बाद पुलिस ने बाल अपचारियों को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला लद्दावाला निवासी साकिब का बकरा मार्केट में ग्राहक सेवा केंद्र है। शुक्रवार को दोपहर के समय चोरों ने गेट का ताला तोड़कर गल्ले में रखे लगभग 28 हजार रुपये चोरी कर लिए थे। पीड़ित की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी की फुटेज कब्जे में ली थी। शहर कोतवाल आनंददेव मिश्रा ने बताया कि शनिवार को न्याजुपुरा पुलिया के पास से पुलिस ने चैंकिंग के दौरान चार किशोरों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने ग्राहक सेवा केंद्र में चोरी की बात कबूली। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए 26 हजार रुपये बरामद किए हैं।

## उप्र उद्योग व्यापार मंडल की स्वर्ण जयंती पर दीपोत्सव

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसंबर (बु.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (रजि.) द्वारा दीपोत्सव कर धूमधाम से 50 वें स्वर्ण जयंती वर्ष का आगाज किया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (रजि.) के 50 वें स्वर्ण जयंती समारोह वर्ष के उपलक्ष में मुजफ्फरनगर के व्यापारियों द्वारा नगर के ह्रदय स्थली शिव चौक पर भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। नगर अध्यक्ष अजय कुमार सिंघल ने बताया की उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्थापना 1973 में लाला विशंभर दयाल जी एवं पंडित श्याम बिहारी मिश्रा द्वारा की गई थी। मार्च 2023 में व्यापारी स्वाभिमान यात्रा डिजिटल रथ के साथ पूरे प्रदेश में जाएगी एवं सितंबर माह में कानपुर में एक व्यापारी महाकुंभ प्रदेश स्तर पर आयोजित किया जाएगा। व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा व वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कंसल के नेतृत्व में सभी जनपदों के साथ बनारस में भी यह दीपोत्सव धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कंसल, नगर अध्यक्ष अजय सिंघल, जिला महामंत्री श्याम सिंह सैनी, नगर महामंत्री प्रवीण खेड़ा, पंकज शर्मा, पंकज अपवेजा, अमित मित्तल, विजय वर्मा, हिमांशु कौशिक, राकेश गर्ग, सुनील तायल, दिनेश बंसल, सुलक्खन सिंह नामधारी, बाबू राम मलिक, विकास अग्रवाल, दीपक गोयल, कशिश गोयल, शोभित गुप्ता, शोभित सिंघल, घनश्याम पालीवाल, विजय शुक्ला, सुखदर्शन सिंह बेदी,, रेणुका जेमिनी, निकिता चौधरी, पंकज ग्रोवर ओम प्रकाश, गीता अपवेज, रिद्धि अपवेजा, अशोक छाबड़ा, दिनेश भगत, कृष्ण परनामी, नीरज गौतम, रोशनी पांचाल, आशीष सिंघल, हर्ष वर्धन, बिजेंद्र धीमान, अजय गुप्ता, संजय सिंघल, अचिन कंसल, संजीव गोयल, श्रवण, रामपाल सेन, शुभम गर्ग आदि सैकड़ों व्यापारियों ने प्रतिभाग किया। कार्य क्रम के अंत में सिक्किम हादसे में शहीद हुए मुजफ्फरनगर के लाल लोकेश कुमार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

